मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-7, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 184 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
19 दिसंबर 2023
मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
22 अधिकतम
10 न्यूनतम

Page- 7

दिवंगत सदस्यों को मप्र विधानसभा ने दी श्रद्धांजलि, कार्रवाई कल तक स्थगित

विस अध्यक्ष का चुनाव कल, उपाध्यक्ष पर सस्पेंस, 21 विधायकों को दिलाई शपथ

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र विधानसभा सत्र के दूसरे दिन की कार्रवाई आज 21 अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ और दिवंगत नेताओं को श्रध्दांजलि के बाद कल तक के लिये स्थगित कर दी गई। पहले दिन भी मुख्यमंत्री मोहन यादव और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित 207 नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली थी। गोपाल भार्गव सामयिक अध्यक्ष के रूप में सत्र शुरू होने से पहले ही शपथ ले चुके थे। आज दूसरे आज कांग्रेस विधायक कमलनाथ को छोड़कर बाकी 21 नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा के भूतपूर्व सदस्यों व अन्य गणमान्य दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त की। अब अध्यक्ष पद के लिये चुनाव कल होगा। सत्तापक्ष भाजपा ने नरेंद्र सिंह तोमर को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया है और कांग्रेस द्वारा सहमति जताने के बाद उनके सर्वेसम्मति से चुने जाने का रास्ता साफ हो गया है। कल अध्यक्ष के चुनाकेबाद राज्यपाल का अभिभाषण भी होगा।

इन सदस्यों को किया यादः पूर्व मंत्री सरताज सिंह, पूर्व सदस्य रामदयाल अहिरवार, भगवत सिंह पटेल, कल्याण जैन, लीलाराम भोजवानी, ताराचंद पटेल और रामलाल भारद्वाज के निधन का उल्लेख करते हुए सभी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व व भावी की मुलाकात

सिंघार को उम्मीद, विपक्ष को मिलेगा, उपाध्यक्ष का पद,परंपरा होगी शुरू

विधानसभा के सत्र के दौरान नये नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने दावा किया है कि विस के उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को देने की परंपरा फिर शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और अन्य सभी भी उपाध्यक्ष पद के लिए परंपरा निभाने को तैयार नजर आ रहे हैं। ज्ञात हो कि कांग्रेस विधायक दल ने यह पद विपक्ष को देने की मांग की थी। सिंघार का कहना है कि हमने सकारात्मक शुरुआत की है तथा अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से चयन की बात कही है अब हमें उम्मीद है कि उपाध्यक्ष पद हमको ही मिलेगा तथा इसी सत्र में उपाध्यक्ष के लिये नामांकन दाखिल होगा।

कांग्रेस विधायक आतिफ अकील पिता की तरह जीप में विस पहुंचे इनसेट में व्हीलचेयर पर उनके बीमार पिता आरिफ अकील।

नेहरू की फोटो हटाने पर विवाद शुरूः इधर विधानसभा सदन में नेहरू की फोटो हटाकर डा अंबेडकर का चित्र लगाने के मामले में बवाल जारी है। कांग्रेस ने इसकी निंदा की है। वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि इस मानसिकता का विरोध कांग्रेस हर स्तर पर दिल्ली से ही कर रही है। उधर, प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने कहा है कि फोटो कैसे बदली, इसकी जानकारी उन्हें अभी नहीं हैं। विधानसभा सचिवालय से इेस बारे में सारी जानकारी ली जाएगी। वहीं नेहरू की फोटो सदन से हटाने पर भाजपा विधायक कृष्णा गौर ने कहा है कि - संविधान निर्माता बाबा साहब की फोटो लगाना अच्छी परंपरा है, हम बाबा साहब का सम्मान करते हैं। कांग्रेस ने बाबा साहब का उपयोग वोट बैंक के रूप में किया है।

नड्डा से मिलने पहुंचे शिवराजः पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सुबह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने उनके दिल्ली आवास पर पहुंचे हैं। नड्डा ने शिवराज को कल शाम मुलाकात के लिये बुलाया था, लेकिन बाद में यह मुलाकात मंगलवार बारह बजे तय की थी। वे अमित शाह से भी मिलेंगे। माना जा रहा है कि हाइकमान शिवराज से पार्टी में उनकी भावी भूमिका पर चर्चा कर रहा है। शिवराज का उपयोग भाजपा केंद्र के मंत्रिमंडल में या संगठन में भी कर सकती है। चुनाव के नतीजे आने के बाद से शिवराज के बयानों को लेकर कई तरह के अर्थ लगाए जा रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी आज शाम संभालेंगे पद

__भोपाल दोपहर मेट्रो।__ मप्र कांग्रेस के नये अध्यक्ष जीतू पटवारी आज विधिवत अपना नया कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले सुबह उज्जैन से वे बड़े काफिले के साथ भोपल के लिये रवाना हुए,उनकी रास्ते में दो सभाएं भी हैं। उनका काफिला लगभग दो बजे हिरदाराम नगर पहुंचेगा और यहां से रैली की शक्ल में वे करीब चार बजे प्रदेश कांग्रेस दफ्तर पहुंचकर पदभार संभालेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं का भारी संख्या में जमावड़ा लगने लगा है। इस अवसर पर कार्यालय के समक्ष सभा भी होगी। हालांकि निवर्तमान अध्यक्ष कमलनाथ इस मौके पर मौजूद नहीं रहेंगे, वे विदेश में हैं उन्होंने बयान जारी करके कांग्रेसजन से अपील की है कि 'वे ऊर्जावान अध्यक्ष पटवारी के पदग्रहण समारोह में मौजूद रहें।' उधर कांग्रेस दफ्तर में कल शाम से ही नये अध्यक्ष के आगमन की तैयारी जारी है। सभी कक्षों से पुरानी नेमप्लेट हटा दी गई है।

संसद सुरक्षा सेंधः लोकसभा में हंगामा

नई दिल्ली । संसद की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे और सदस्यों के निलंबन की कार्रवाई को लेकर विपक्ष के भारी हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही आधे घंटे स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने हंगामा कर रहे सदस्यों को शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि तख्तियां दिखाना उचित नहीं है। इससे पहले सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई विपक्षी सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर, नारे लगाते हुए और प्रधानमंत्री का फोटो लहराते हुए आसन के सामने आ गए और नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल चलाने का अध्यक्ष ने प्रयास किया लेकिन सदस्य जोर-जोर से नारे लगाने लगे। अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को हंगामा नहीं करने और नियमों से सदन की कार्यवाही चलते रहने का आग्रह किया लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा ''यह सदन आपका है। सदन नियम और परिपाटी से चलता है। नियम आपने ही बनाए हैं। आपने भी कहा था कि सदन में तख्तियां लेकर नहीं आना है। तख्तियां लेकर आएंगे तो सदन नहीं चलेगा।

अमृतसर में 970 ग्राम हेरोइन सहित दो ड्रोन बरामद

जालंधर । सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में अमृतसर जिले के धनोए खुर्द गांव से दो पाकिस्तानी ड्रोन और 970 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आज तड़के सुरक्षा बल के जवानों ने एक संदिग्ध ड्रोन की आहट पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए ड्रोन पर गोलीबारी की। इसके बाद पंजाब पुलिस के साथ गहराई वाले इलाके में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान सैनिकों ने गांव के पास खेत से एक ड्रोन के साथ 430 ग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद किया। पीले चिपकने वाले टेप में लिपटे हुए पैकेट के साथ नायलॉन स्ट्रिंग की एक अंगूठी और एक छोटे आकार की टॉर्च बंधी हुई थी। खेप को ड्रोन के होल्ड और रिलीज तंत्र के साथ ड्रोन के साथ जोड़ा गया था।इससे पहले सुरक्षा बल के जवानों ने सोमवार की देर रात धनोए खुर्द गांव से ही एक ड्रोन और 540 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

मध्यप्रदेश में कोरोना गाइडलाइन लागू

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर जारी केंद्र सरकार की गाइड लाइन मध्यप्रदेश में भी लागू करने के निर्देश दिये हैं। इस वक्त नये वैरियंट जेएन 1 से केरल समेत कुछ राज्य प्रभावित हैं। यावद ने कहा कि पहले भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कोविड से हमें जीत मिली है। कोविड के साथ ही दूसरी सभी बीमारियों से निपटने के लिए मप्र का स्वास्थ्य विभाग पूरी दक्षता से काम कर रहा है। उल्लेखनीय है कि देश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र सरकार ने राज्यों को सतर्क किया है।

पराग्वे में पुलिस का कैदियों से टकराव, 10 की मौत

असुनसियन। पराग्वे की राजधानी असुनसियन के ताकुम्बु में पुलिस और सेना की ओर से चलाए गए अभियान में कम से कम 10 लोग मारे गए। यह राष्ट्रीय पुलिस ने दी है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार नौ कैदी और राष्ट्रीय पुलिस सामरिक समूह के एक कर्मी की मौत हो गई, जबकि 20 कैदी और 36 पुलिस और सैन्यकर्मी घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार यह अभियान ताकुम्बु जेल पर नियंत्रण पाने के लिए चलाया गया था, जो वर्षो से रोटेला कबीले के नाम से जाने जाने वाले आपराधिक समूह के नियंत्रण में था। राष्ट्रीय पुलिस की रिपोर्ट में कहा गया है कि कैदियों के साथ तगड़ा टकराव के बाद पुलिस और सैन्यकर्मी आपराधिक गुट के नेता अरमांडो जेवियर रोटेला के ठिकाने तक पहुंच गए। इसके बाद उसने आत्मसमर्पण कर दिया और उसे विनस क्यू सैन्य जेल में भेज दिया गया है। कबीले के संस्थापक एवं पराग्वे के सबसे खतरनाक अपराधी माने जाने वाले रोटेला ने जेल पर कब्जा करके देश के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते था।

चालक ने कूदकर जान बचाई

इंदौर में पटरी पर फंसी कार को ट्रेन ने दो किमी घसीटा

इंदौर, दोपहर मेट्रो।

रेल की पटरी पार करते समय कार के पहिए बीच पटरी में फंस गए और इतने में सुपर फास्ट ट्रेन आ गई। इस बीच कार चालक तो उतरकर भाग गया लेकिन कार ट्रेन की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के पुर्जे दो किमी तक बिखरे मिले। ट्रेन को रोका गया लेकिन जब तक कार चकनाचूर हो चुकी थी। हालांकि हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।मगर टक्कर की खबर सुनकर ट्रेन में बैठे यात्री भी घबरा गए।

यह घटना आज सुबह करीब छह बजे सुपर कॉरिडोर में रेलवे क्रासिंग की है। इस पर निर्माण कार्य चलने से रूट को डायवर्ट किया गया है। इसी पर चलते हुए कार ट्रैक पर चली गई थी। कार चालक ट्रैक से गुजर रहा था, लेकिन गिट्टी और मिट्टी पहियों में फंस गई। चालक ने कोशिश की लेकिन कार आगे नहीं बढ़ रही थी तभी जयपुर-दिल्ली सुपरफास्ट की आवाज सुनकर वह कार से बाहर भाग आया। जबकि ट्रेन काफी तेज रफ्तार में थी। हालांकि ट्रेन का हार्न भी बजाया गया था लेकिन कारचालक कार मिट्टी में धंसी होने से निकाल नहीं सका।

ज्ञानवापी पर मुस्लिम पक्ष को झटका,याचिकाएं खारिज

वाराणसी। ज्ञानवापी विवाद में मुस्लिम पक्ष को फिर बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की सभी 5 याचिकाओं को खारिज कर दिया है। हाइकोर्ट ने 1991 के मुकदमें के ट्रायल को मंजूरी दी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट से कहा कि 6 माह में मुकदमे का शीघ्र निर्णय करें। साथ ही एएसआई को मस्जिद का सर्वेक्षण जारी रखने की अनुमति दी है। हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि निचली अदालत को लगता है कि किसी हिस्से का सर्वेक्षण आवश्यक है, तो सर्वेक्षण करने का निर्देश दे सकती है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेच ने यह फैसला सुनाया है। वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद और काशी विश्वनाथ मंदिर के बीच स्वामित्व को लेकर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिकाएं इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दीं।

चीन में जोरदार भूकंप से 116 मौत,भारी नुकसान

बीजिंग। चीन में देर रात आए तीव्र भूकंप में अब तक 116 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं, 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। 6.1 तीव्रता का यह भूकंप गांसू और किंघई प्रांत में सोमवार आया। भूकंप का केंद्र गांसु के लिंक्सिया हुई में साला काउंटी में जमीन के 10 किलोमीटर नीचे रहा। ऊंची-ऊंची इमारतों के लिए कितना घातक साबित हुआ, इसका नजारा चीन से आ रही तस्वीरों और वीडियो में साफ देखा जा रहा है। चीन की आपात सेवाओं को भूकंप के ठीक बाद मलबे में तब्दील हुई कई इमारतों से लोगों को सही-सलामत निकालने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी सरकार और प्रशासन के सभी अंगों से ऑल आउट ऑपरेशन चलाने को कहा है।

मेट्रो एंकर

क्योंकि गायों को पसंद से संगीत,केरल की गौशाला बनी मिसाल

गायों को संगीत सुनाने पहुंचते हैं मशहूर कलाकार!

नई दिल्ली , एजेंसी।

संगीत किसे पसंद नहीं होता,यहां तक कि नवजात भी संगीत के धुनों पर आकर्षित होता है, और अब तो केरल की एक गौशाला की गायों के बारे में तो कमाल की बात सामने आई है। यहां की गाए संगीत की इतनी दीवानी हैं कि देशभर से कलाकार इन्हें गीत-संगीत सुनाने आते हैं। कोई हारमोनियम बजाकर तो कोई किसी माध्यम से गायों को मधुर संगीत सुनाता है। इसे लेकर स्टडी भी की गई और पाया कि गाने सुनने के बाद गायें ज्यादा दूध देत् हैं। यूट्यूब पर गायों के संगीत सुनने के कई वीडियोज पड़े हैं।

मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक केरल के बेकल के पास पेरिया में स्थित गोकुलम गोशाला कोई दूध बेचने का धंधा नहीं करती, बल्कि गायों का ठिकाना है। इसलिए, जब वे गायों के लिए संगीत का आयोजन करते हैं, तो ये गायें बस आराम से सुख लेती हैं। मंगलुरु से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित इस गोशाला को ज्योतिषी विष्णु प्रसाद और उनकी कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने वाली पत्नी नागरत्ना हेगड़े चलाते हैं, और उनके यहां आने वाले कलाकारों की सूची में भारतीय शास्त्रीय संगीत के बड़े-बड़े नाम हैं। रसायन की प्रोफेसर रहीं नागरत्ना कहती हैं, हम हर महीने एक लाइव शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम आयोजित करते हैं। वायलिन वादक एल सुब्रह्मण्यम, गायक अभिषेक रघुराम, और प्लेबैक सिंगर हरीहरन और अनूप शंकर जैसे प्रसिद्ध कलाकार मवेशियों के बीच अपनी प्रस्तुति देते हैं।

गायों को पसंद है राग भैरवी

नागरत्ना कहती हैं, हमने देखा है कि हमारे मवेशियों को 'भैरवी राग' खासा पसंद है और वाद्य यंत्रों में, गायें बांसुरी पसंद करती हैं, जो भगवान कृष्ण से जुड़ी है। जब जयंत इस बार गौशाला आये व चारागाह में बांसुरी बजाई तो न सिर्फ मवेशी उनके पास आ गए, बल्कि कुछ ने तो अपने खुरों से ताल भी मिलाई। इस अद्भुत पल का वीडियो बनाया गया । इन गायों की देखभाल 18 कर्मचारियों की एक समर्पित टीम करती है यहां अहम सिद्धांत का पालन होता है, वह है नस्ल की शुद्धता। आर्टिफिसियल गर्भाधान जैसी प्रक्रियाओं से बचा जाता है। हर नस्ल का प्रतिनिधित्व एक गाय और एक बैल की ओर से किया जाता है।

रिसर्च बताती हैं संगीत प्रेमी हैं गाए!

2001 में एक रिसर्च में पाया गया कि गायों को आरामदेह संगीत, जैसे साइमन एंड गार्फंकेल का 'ब्रिज ओवर ट्रबलड वाटर', सुनाने से उनके दूध देने में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसी साल की शुरुआत में प्रिटोरिया यूनिवर्सिटी के एक शोध में भी ये पाया गया कि जब गायों को दिन-रात हल्का संगीत सुनाया जाता है, तो उन्हें एक बार के दुहन में दो लीटर तक ज्यादा दूध मिलता है।

कई यात्री ट्रेन अब जनवरी के पहले सप्ताह तक निरस्त

राजस्थान से सीधा जुड़ेगा भोपाल, रेल लाइन जोड़ने का काम इसी महीने होगा



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के व्यापारी, युवा और किसानों को लंबे समय से राजस्थान से सीधी रेल कनेक्टिविटी की जरुरत थी जो जल्द ही पूरी होने वाली है। असल में भोपाल से राजस्थान के रामगंज मंडी के बीच रेल लाइन का काम चल रहा है जो ज्यादातर हिस्सों में पूरा हो गया है। भोपाल के संत हिरदाराम नगर स्टेशन वाले रेलखंड में पूर्ण हो चुके काम के बाद इसी महीने के अंत में नई पटरियों को पुरानी पटरी से जोड़ने का काम होना है जिसके लिए कई ट्रेनों को निरस्त किया जाएगा और कुछ का मार्ग बदला जाएगा। रेलवे ने यात्रियों को इसकी जानकारी दी है।

ये ट्रेनें की जाएंगी निरस्त

रेल्वे ने यात्री ट्रेन जोडी को प्रारंभिक स्टेशनों से ही निरस्त किया हैं। इनमें 9343 इंदौर-सिवनी पंचवेली एक्सप्रेस, अंबेडकर नगर-भोपाल एक्सप्रेस, भोपाल-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस, भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस, जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस, अंबेडकर नगर-प्रयागराज जंक्शन एक्सप्रेस, हैदराबबादङ्कजयपुर एक्सप्रेस, हैदराबाद- हिसार एक्सप्रेस, वाराणसी-गांधीनगर एक्सप्रेस, गांधीनगर-वाराणसी एक्सप्रेस,वाराणसी-इंदौर एक्सप्रेस, वाराणसी-इंदौर एक्सप्रेस, इंदौर-वाराणसी एक्सप्रेस,20973 फिरोजपुर छावनी-मण्डपम एक्सप्रेस,नागपुर-जयपुर एक्सप्रेस,जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस,इंदौर-पटना एक्सप्रेस,रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस, जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, हैदराबाद ङ्कजयपुर एक्सप्रेस स्पेशल तथा जयपुर - हैदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल आगामी समय में अलग अलग दिनों में जनवरी के पहले सप्ताह तक निरस्त रहेंगी।

बीना रेलवे स्टेशन पर मिलेगी दवाईयां

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बीना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को दवाईयां मिल सकेंगी। इसके लिए रेलवे ने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) खोलने का निर्णय लिया है। इस केंद्र में सस्ती एवं उपयोगी जनरिक दवाइयां मिलेगी। ई-ऑक्शन के माध्यम से जन औषधि केंद्र आवंटित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड की नई नीति के अनुसार भोपाल मंडल के बीना स्टेशन में प्रथम जन औषधि केंद्र खोलने के लिए किया है। यह केंद्र स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बुकिंग ऑफिस के तीन वर्ष की अवधि के लिए खोला जाएगा। इसइके लिए 19 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकेगा।

अधिकारियों का कहना है कि जन औषधि केंद्र के लिए स्टॉल रेलवे द्वारा ही बनाकर दिया जाएगा। बी फार्मा तथा डी फार्मा डिग्रीधारक इच्छुक व्यक्ति ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। रजिस्ट्रेशन एवं अनुबंध संबन्धित जानकारी तथा आवश्यक सहायता हेतु कार्यालयीन दिवस में मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) संपर्क किया जा सकता है।

स्टाल लगाकर स्वदेशी जागरण

राज्यसभा सदस्य डॉ. सोनल और नृत्यागंना अनुराधा ने किया प्रेरित

__भोपाल।__ भारतीय विचार संस्थान न्यास की ओर से रविन्द्र भवन में राष्ट निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका विषय पर आयोजित व्याख्यान माला रखा में मुख्य वक्ता राज्य सभा सदस्य डॉ. सोनल मानसिंह और अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगना अनुराधा सिंह ने उदबोधन दिया। इस कार्यक्रम में विविध संगठनों के मातृ शक्तियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति थी। स्वावलंबी भारत अभियान के तहत स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रान्त प्रमुख डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी और सह प्रमुख सीमा भारद्वाज ने स्वदेशी स्टॉल भी लगाए और स्वदेशी जन जागरण किया। इसके साथ ही स्वावलंबी भारत अभियान के पत्रक और पुस्तकें सभी मातृ शक्तियों को भेंट की गईं। कार्यक्रम में विधायक कृष्णा गौर, एडीजीपी सुषमा सिंह, प्रतिभा सिंह, किरण नेगी, माधवी शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित थीं।

जिला प्रशासन ने पुलिस आयुक्त को भेजी सूची

९2 अवैध कालोनियों पर एफआईआर की तैयारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है। राजधानी की करीब 92 कॉलोनियां ऐसी हैं, जिनके खिलाफ जल्द ही एफआइआर दर्ज की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इन कॉलोनियों की सूची तैयार की गई है। नगर निगम और टीएंडसीपी के सर्वे और जांच के बाद यह सूची तैयार की गई है। इस सूची को पुलिस आयुक्त को भी भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, कलेक्टर आशीष सिंह ने पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र को 92 कॉलोनियों की लिस्ट भेजी है। इनमें आधी यानि कि 46 कालोनियां अकेले रातीबड़ थाना क्षेत्र में है। इसके अलावा ईंटखेड़ी में 20, निशातपुरा थाना क्षेत्र में सात, अयोध्या नगर में 11 और छोला में आठ अवैध कॉलोनी सूची में शामिल हैं।

यह है पूरा मामला

बताया जा रहा है कि सूची में शामिल इन कालोनियों में बिना लाइसेंस, नक्शे, निगम अनुमति, टाउंन एंट कंट्री प्लानिंग की अनुमति लिए कृषि भूमि पर प्लाट काटे गए हैं। बिल्डरों ने किसानों से सांठगांठ कर सौ रुपए के स्टांप पेपर पर अनुबंध कर ऐसी कालोनी काटी हैं। कुछ कालोनी पूर्व में कटी हैं, जिनमें प्लाटों की खरीद फरोख्त चल रही है।

चुनाव के दौरान भी पहुंची शिकायत

इसको लेकर कई शिकायतें चुनाव के दौरान ही जिला प्रशासन और सीएम हेल्पलाइन में भी आई थीं। इसके बाद एसडीएम की टीम ने भी इसका सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की है।

लीगल लॉ फर्म की शुरूआत की गौर ने

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गोविंदपुरा विधायक कृष्णा गौर ने अरेरा कॉलोनी क्षेत्र में ÷क्राउन लीगल लॉ फर्म÷ के शुभारंभ किया। उन्होंने फर्म के युवा संचालक सर्वश्री अमन गुप्ता, अस्मित वाधवा और विजय चौहान को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानव सेवा में कानून का ज्ञान अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मैं स्वयं भी एलएलबी कर रही हूँ। इस क्षेत्र का महत्व दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। युवा अभिभाषक वंचितों को न्याय दिलाकर मानवता की सेवा करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा ने कहा कि हमें अपने युवाओं को तरक्की के पूरे अवसर दिलाने चाहिए, जिससे हमारे देश से प्रतिभाओं का पलायन रुके।

चित्रकला प्रतियोगिता में राजवीर, भव्य व कुशल रहे विजेता

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

साधु वासवानी स्कूल में थिंक गैस इंटर स्कूल की तरफ से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसकी थीम थी खुल के सांस लो। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आठवीं के राजवीर सोनगरा ने प्रथम, भव्य अवतानी द्वितीय एवं कक्षा छठवीं के कुशल आहूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है और ऐसे विद्यार्थी अवश्य ही आगे बढ़ते है। पुरस्कार हासिल करने पर प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, उप प्राचार्या स्वाति कलवानी, जनसंपर्क अधिकारी दीपा आहूजा व स्कूल के स्टॉफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

तुलसी पौधा चाहिए तो बस एक कॉल करें

हिरदाराम नगर। बजरंग सेना समिति हर घर में एक तुलसी के पौधे का अभियान चला रही है। निःशुल्क तुलसी का पौधा एक काल पर भेंट किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने कहा कि स्कूलों में क्रिसमस डे न मनाकर तुलसी डे मनाया जाने का आग्रह किया है। माता-पिता कहा गया है, अपने घरों में बच्चों से तुलसी पूजन करवाए। बच्चों को स्कूल भेजे माथे पर तिलक हाथ में पहना हो कलावा। यही हमारी हिन्दू धर्म की बडी पहचान है।

समिति के अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग एवं महासचिव राजेश केवलानी ने कहा कि तुलसी माता का पौधा वितरण सेवा संतनगर में ही रहेगी, जो 19 से 25 दिसम्बर तक रहेगी। राज कुमार गर्ग 9893134754, कमलेश देवानी 7470822287, राज बिजोरिया, राजेश केवलानी 7000587600, जीतू शिवनानी 9425013367 के नंबर पर कॉल किया जा सकता है।

उज्जैन में पांचवीं स्टेट मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता

सेवासदन के राठौर को मिले तीन स्वर्ण पदक

MADHYA PRADESH
STATE MASTERS GAMES-17 DEC, 2023
ORGANISED BY- MASTERS ... SOCIATION MADHYA PRADESH (Reg.)
II

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय के कार्यपालन अधिकारी पी.एस. राठौर ने 60 वर्ष से अधिक आयु समूह की पांचवीं स्टेट मास्टर्स गेम्स में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीते । इस समूह के खिलाड़ियों में 100 मीटर दौ?, डिस्क थ्रो तथा भाला फेंक प्रतियोगिताओं में राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिताओं का आयोजन उज्जैन के महानंदा स्पोट्स मैदान पर किया गया । प्रतियोगिताओं में म.प्र. वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. संवर पटेल मुख्य अतिथि थे । मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के सचिव अम्मानत खान विशेष रूप से उपस्थित थे । प्रतियोगिताओं में राज्य के विभिन्न जिलों के तीस से अस्सी वर्ष आयु समूह के तीन सौ से अधिक महिला पुरूष खिलाड़ियों ने भाग लिया । श्रवण यादव प्रतियोगिताओं के निदेशक थे ।

राठौर ने 100 मीटर दौड़ 17.44 सेकण्ड्स में पूरी की । डिस्क थ्रो में उन्होंने 25.14 मीटर दूरी पर डिस्क फैंकने में सफल हुए । इसी प्रकार 25.92 मीटर तक भाला फैंक कर तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया । राठौर पंजाब नैशनल बैंक से डीजीएम पद से सेवानिवृत हुए हैं । वें 1981 में आयोजित नैशनल गेम्स में खो-खो प्रतियोगिता तथा 1980 में एथेलेटिक्स में भाग ले चुके हैं । राठौर ने बैंक स्पोट्स बोर्ड के नैशनल गेम्स में लगातार सात साल तक 110 मीटर बाधा दौ? में पदक हासिल किए। पीएनबी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में राठौर बेस्ट एथेलीट के सम्मान से सम्मानित हैं ।

मेट्रो एंकर

ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल कैंपस ड्राइव का आयोजन

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज से 49 छात्राओं का चयन

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा आदित्य बैकिंग और फाइनेंस के संयुक्त तत्वावधान में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। बैकिंग और फाइनेंस सेक्टर में बेहतरीन करियर विकल्प के उद्देश्य से इस सफल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में शुभेंद्र गुप्ता, एच.आर.हेड धर्मेंद्र कुमार मैनेजर ओर आशा गिरी, निदेशक, आदित्य बैकिंग और फाइनेंस के पांच अन्य एच.आर. अधिकारी और प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. गीता गुवालानी भी उपस्थित थी।

कार्यक्रम की शुरूआत शुभेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में एक प्री-प्लेसमेंट से संबंधित ज्ञानवर्धक भाषण के साथ हुई। बातचीत के क्रम में उन्होने 'बिजनेस डेवलमेंट एक्जीक्यूटिव' और 'बिजनेस डेवलमेंट एसोसिएट' की आकर्षक जॉब प्रोफाइल को रेखांकित किया। दोनो ही पद ऑफिस से कार्य करने की सुविधा प्रदान करते है। दोनो ही पदो के पात्रता मापदंड, विविध शैक्षणिक धाराओं से स्नातक और स्नाकोत्तर उम्मीदवारों के लिए थी। संचार और इंटरपर्सनल स्किलस की सर्वोपरि भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, सम्बन्धित पदो के लिए आवश्यक योग्यताओं में उत्कृष्ट बोलने की क्षमता, टीम वर्क और दबाव को सकारात्मक रूप से लेने की क्षमता आदि शामिल थे।

कार्यस्थल भोपाल शहर रहेगा। चयन प्रक्रिया में दो दौर शामिल थे- पहला समूह चर्चा और दूसरा व्यक्तिगत साक्षत्कार, जिसका संचालन श्री धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त कॉलेज की 49 छात्राओं का चयन प्रतिष्ठित पदों के लिए किया गया, जो कि कॉलेज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि बैकिंग इन दिनों युवाओ के बीच काफी आकर्षक और बेहतरीन करियर विकल्प के रूप में उभर रहा है। ऐसे अवसरों का छात्राओं के करियर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होने उत्कृष्टता और विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज के समर्पण को दोहराया।

यह काउंसलिंग 30 दिसंबर तक चलेगी, आज जारी होगा कार्यक्रम

25 से शुरू होगी फार्मेसी की 13 हजार खाली सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया

भोपाल, दोपहर मेट्रो

प्रदेश के फार्मेसी कॉलेजों की 13 हजार खाली सीटों पर प्रवेश के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) द्वारा एक बार फिर काउंसलिंग कराई जाएगी। यह काउंसलिंग 25 से 30 दिसंबर तक होगी। मंगलवार को कार्यक्रम पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

अभी तक प्रदेश में फार्मेसी के पहले 194 कॉलेज संचालित हो रहे थे। इनमें लगभग 26 हजार सीटें पहले से मौजूद थी। सितंबर में करीब 50 नए कॉलेजों को मान्यता मिलने के बाद फार्मेसी कॉलेजों की संख्या 244 तक पहुंच गई है। इसके चलते अब करीब 34 हजार सीटें हो गई हैं। ज्ञात हो कि पहले से फार्मेसी की 5,387 सीटें खाली हैं। अब नए 50 कॉलेजों की 8 हजार सीटें बढ़ने से फार्मेसी की 13,387 सीटों पर एडमिशन होगा।

फाइल फोटो

यह है पूरा मामला

उल्लेखनीय है कि नर्सिंग कॉलेजों में इस वर्ष जीरो ईयर घोषित किया गया है। इसके चलते नर्सिंग में एडमिशन नहीं मिलने कारण कई छात्र-छात्राएं अब बी फार्मा में एडमिशन लेना चाहते हैं। यदि डीटीई काउंसलिंग कराता है तो निश्चित ही फार्मेसी कॉलेजों में एडमिशन की संख्या बढ़ेगी। नई मान्यता प्राप्त फार्मेसी कॉलेजों को एडमिशन के लिए लंबे समय से इंतजार था। पिछले साल फार्मेसी कॉलेजों में विद्यार्थियों को प्रवेश जनवरी तक दिए गए थे, क्योंकि पीसीआई ने मान्यता देरी से जारी की थी। कई कॉलेज मान्यता नहीं मिलने पर कोर्ट में चले गए थे। इससे दिसंबर तक मामला अटका रहा। बता दें कि इसके अलावा पुराने कॉलेजों की ही करीब 25 फीसदी सीटें भी खाली हैं।

परिवहन विभाग ने दिया अल्टीमेटम, 15 के बाद शुरू होगी कार्रवाई

15 जनवरी तक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने का मौका

भोपाल, दोपहर मेट्रो

वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए परिवहन आयुक्त द्वारा 15 जनवरी तक का अल्टीमेटम जारी किया गया है। इसके बाद वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगे होने पर चालानी एवं दण्डात्मक कार्यवाही के आदेश पुलिस एवं परिवहन विभाग को दिए गए हैं। परिवहन आयुक्त ने लोगों से अपील की है कि चालानी एवं दण्डात्मक कार्यवाही तथा अंतिम समय में भीड़ से बचने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर समय सीमा के भीतर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाएं। एक अप्रैल 2019 से पहले के पंजीकृत वाहन जिनमें हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगी है, उनमें लगवाना जरूरी है। इसके अलावा वर्तमान में जो भी वाहन बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के सडक पर दौड़ रहे हैं, उन सभी वाहन मालिकों को अपने वाहनों पर 15 जनवरी से पहले हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना अनिवार्य हो गया है।

फाइल फोटो

शोरूम पर जाकर या ऑनलाइन भी आवेदन कर सकेंगे

एक अप्रैल 2019 के पहले पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने के लिए शुल्क का भुगतान करना होगा। नई नंबर प्लेट लगवाने के लिए वाहन कंपनी के शोरूम पर जाकर या ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। शोरूम पर फीस ऑनलाइन जमा करनी होगी। वहीं शोरूम संचालकों को फीस की रसीद जरूर देनी होगी।

नंबर प्लेट की कॉपी नहीं कर सकते

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एलुमिनियम से बना होता है जिस पर क्रोमियम का एक होलोग्राम स्टीकर की तरह दिखाई देता है जिस के अंदर वाहन की सारी जानकारी होती है साथ ही चोर इस नंबर प्लेट की कॉपी नहीं कर सकते हैं।

कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल

सुबह चीता सफारी, रात में स्टारगेजिंग 'रोमांचित हो रहे आगंतुक'

भोपाल/ग्वालियर, दोपहर मेट्रो

टूरिज्म बोर्ड द्वारा कूनो फॉरेस्ट फेस्टिवल के पहले संस्करण का रंगारंग आगाज हो गया है। सोमवार को देशभर से आए आगंतुकों ने जंगल सफारी, हॉट एयर बलूनिंग, पैरामोटरिंग जैसी गतिविधियों का आनंद लिया। न्यासा बैंड की धून पर युवा लोग झूम उठे और गायक गौतम काले की प्रस्तुतियों ने समां बांधा। मेवाती घराने से संबंध रखने वाले एवं महान संगीतज्ञ पंडित जसराज के शिष्य श्रीकाले की प्रस्तुतियों ने आगंतुकों को मोहित किया।

जिला श्योपुर के ग्राम रानीपुरा (सेसईपुरा) में स्थित कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट (टेंट सिटी) में आगंतुक क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य से अभिभूत हो रहे हैं। रात में खुले आकाश में तारों की दुनिया देख हर कोई रोमांचित है।

सोमवार की सुबह कूनो राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण किया। राष्ट्रीय उद्यान में विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों एवं वन्यजीवों का अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त किया। पहाड़ियों, संकरे रास्तों, पथरीली चट्टानों से होते हुए उद्यान की समृद्ध जैव विविधता, शांत परिदृश्य का अनुभव लिया। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद नाइट वॉक एवं स्टार गेजिंग का आनंद लियाजा रहा है।

आईटीआई गोविंदपुरा में आज रोजगार मेला

भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी के गोविंदपुरा स्थित शासकीय संभागीय आईटीआई में 19 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे से रोजगार मेला लगाया जाएगा।

आईटीआई उत्तीर्ण व्यवसाय फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक वर्ष 2022 एवं 2023 के उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए आईटीसी कम्पनी लिमिटेड बडियाखेडी इंडस्ट्रियल एरिया सीहोर का प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया है। नियुक्ति नियमित आधार पर 14 हजार 521 रुपए प्रतिमाह वेतन एवं रियायती दर पर भोजन एवं परिवहन व्यवस्था उपलब्ध की जाएगी। प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए दस्तावेजों सहित इच्छुक अभ्यर्थी उपस्थित हो सकते है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई–बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ
दावों का भुगतान सीधे किसान के बैंक खाते में | आधुनिक तकनीक से उपज का बेहतर अनुमान

7 वर्षों की मुख्य उपलब्धियां
55 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त | 16.06 करोड़ से अधिक किसान आवेदनों को फसल मुआवजा का वितरण | ₹1.50 लाख करोड़ से अधिक का बीमा दावा भुगतान

पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2023

नई सुविधा — बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से अपने घर बैठे ऐड ऐप द्वारा करें फसल बीमा
फसल बीमा से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए कृषि रक्षक हेल्पलाइन नंबर 14447 पर कॉल करें
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा भागीदार

अपनी फसलों को आज ही बीमित करने के लिए संपर्क करें | जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा | @PMFBY
QR कोड स्कैन करें

सुविचार

सवाल ये नहीं
रफ्तार किसकी
कितनी है,
सवाल ये है के
सलीक़े से कौन
चलता है।

- अज्ञात

संपादकीय

हर बार वैचारिक बिखराव

हमारा लोकतंत्र बहुत मजबूत है लेकिन कई बार इसमें बहुत नाजुक पल भी उभरते हैं। तब संसद के भीतर बैठने वाले दलों व सदस्यों के बीच की वैचारिक मजबूती की जरूरत महसूस होती है तथा एकमत होने की उम्मीद भी उभरती है। दरअसल हाल में संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना ऐसे समय हुई है जब विदेशी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी तत्वों की ओर से संसद पर हमले की चेतावनी दे दी गई थी। भले संसद में घुसे इन युवकों का पहली नजर में उन तत्वों से कोई रिश्ता न दिख रहा हो, पर जांच एजेंसियों ने अभी उन्हें क्लीन चिट नहीं दी है। ऐसे में पक्ष-विपक्ष का एक-दूसरे पर दोषारोपण भी बेमानी है। जरूरत तो इस बात की ही है कि दोनों ही पक्षों को संकीर्ण राजनीति के तकाजों से ऊपर उठते हुए संसद के अंदर स्वस्थ चर्चा सुनिश्चित करनी चाहिए। मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा चूक पर पक्ष-विपक्ष का जो रुख देखने को मिल रहा है, वह निराश करता है। हालांकि इस बात को लेकर हर पक्ष में सहमति है कि जिस तरह की चूक हुई है वह काफी गंभीर है लेकिन इसके बावजूद देश की संसद इस मसले से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा नहीं कर पा रही। जब दर्शक दीर्घा से दो युवक सदन में कूदे और उन्होंने धुआं फैलाकर वहां अफरा तफरी मचा दी, उस समय सदन में पक्ष-विपक्ष का कोई भेद नहीं दिखा। न सिर्फ दोनों युवकों को पकड़कर सुरक्षाकर्मियों के हवाले करने में विपक्षी सांसद आगे रहे, बल्कि घटना के बाद उसका ब्योरा देने और मीडिया के जरिए देश के सामने पूरी स्थिति रखने में भी दोनों पक्षों में सामंजस्य दिखा। इससे उम्मीद पैदा हुई कि हमारी संसद इस महत्वपूर्ण घटना से निपटने में पूरी एकजुटता दिखाएगी और सामान्य राजनीतिक मतभेदों को मुद्दा नहीं बनने दिया जाएगा। मगर बाद में स्थिति बदल गई। पार्टी लाइन के हिसाब से रिएक्शन आने लगे। मुद्दा संसद की सुरक्षा में हुई चूक का था, लेकिन कई विपक्षी सांसद इसे नए संसद भवन से जोड़कर देखने लगे और पुराने आरोप-प्रत्यारोप दोहरा रहे थे। यह सिलसिला अगले दिन और तेज हुआ जब विपक्ष गृहमंत्री के बयान की मांग पर अड़ते हुए हंगामे पर उतर आया। सत्तापक्ष की ओर से भी इसका जवाब कड़ी कार्रवाई के रूप में दिया गया। हालांकि कहने को बातचीत के प्रस्ताव भी दिए गए और मनाने की कोशिशें भी हुईं, लेकिन ये बेनतीजा रहीं। नतीजा विपक्ष के 14 सांसदों के निलंबन के रूप में सामने आया। कुल मिलाकर हालत यह है कि संसद में हंगामा और शोर तो बहुत है, लेकिन एक अहम मसले पर उसके सामूहिक विवेक की कोई ऐसी आवाज नहीं आ रही। भारतीय संसद पहले भी एक हमला झेल चुकी है और वह हमला बहुत खतरनाक था। इसलिये जब कोई ऐसा मुद्दा आए,जहां दलीय विभाजन जरूरी न हो वहां वैचारिक एकता व मजबूती दिखाई जाना चाहिये।सरकार को भी चाहिये कि ऐसे मामलों में तत्काल सभी दलों के साथ सघन संवाद करे और सभी पहलुओं से अवगत कराते हुए आगे बढे। विश्वास का दायरा परस्पर सहयोग से बढता है,निश्चित तौर पर ऐसी घटनाओं पर भी चर्चा होना चाहिये और उसका असर भी आगामी सरकारी कामों में नजर आना चाहिये ।

निशाना

फार्मूला तय !

-कृष्णेन्द्र राय

बन गई है बात ।
फार्मूला तय ।।
लड़ना इतनी सीटों पर ।
मिल रही है लय ।।
नई नई है बात चली ।
चर्चा इस प्रकार ।।
साथ आगे रहने का ।
बन रहा आधार ।।
मंच से इसे सार्वजनिक ।
है झटपट कर डाला ।।
कोशिश में हैं आगे भी ।
लौटे ये उजाला ।।
और इशारों में ही ।
है किए प्रहार ।।
शायद दिखे और भी ।
नया चमत्कार ।।

आज का इतिहास

- 2012 - पार्क ग्युन हे दक्षिण कोरिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई। हालांकि, 2017 में उन्हें भ्रष्टाचार के चलते पद से हटा दिया गया। अगस्त 2018 में उन्हें 25 साल की सजा सुनाई गई थी।
- 2008- केनरा बैंक, एचडीएफसी व बैंक ऑफ़ राजस्थान ने आवास ऋण सस्ता करने की घोषणा की।
- 2007 - टाइम पत्रिका ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को पर्सन आफ़ द ईयर के ख़िताब से नवाजा।
- 2006 - शैलजा आचार्य को नेपाल ने अपना भारत में नया राजदूत नियुक्त किया।
- 2005 - अफ़ग़ानिस्तान में तीन दशक बाद लोकतांत्रिक पद्धति से चुनी गयी देश की पहली संसद की पहली बैठक आयोजित।

विकसित देश प्रवासन विरोधी नीतियों की प्रयोगशाला बन गए हैं

अर्थशास्त्र राजनीति को प्रभावित करता है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के लिए दूसरे मुल्कों को अपना उपनिवेश बनाने वाले और अफीका व अन्य देशों से बड़ी संख्या में श्रमिकों को लुभाकर ले जाने वाले विकसित देश आज प्रवासन-विरोधी हिंसा के केंद्र बन गए हैं।

शंकर अय्यर

पिछले दिनों एक शाम ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा, जब डच प्रधानमंत्री के साथ फोटो सेशन के बाद किसी तकनीकी त्रुटि से वह अपने आधिकारिक निवास 10, डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर खड़े रह गए। सुनक ने डच प्रधानमंत्री के साथ बैठक के लिए अंदर जाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा ही नहीं खुला। ब्रिटिश विपक्ष ने उस स्थिति को सुनक की मुश्किल स्थिति का रूपक बताया, जिन्हें समस्याएं विरासत में मिली हैं। यह वस्तुत~उस व्यवस्थागत गतिरोध का भी रूपक है, जिसका ब्रिटेन समेत दूसरे कई विकसित देश सामना कर रहे हैं।

समृद्ध और विकसित देशों में लचर प्रशासनिक स्थिति 'नाम बड़े और दर्शन छोटे' की याद दिलाती है। कृपया इस स्थिति की कल्पना कीजिए ~जी-7 समूह के एक देश के, जिसकी जीडीपी 30 खरब है, प्रधानमंत्री अपने सहयोगियों के साथ सड़क पर एक गड्ढे के सामने खड़े हैं। विगत 17 नवंबर को ब्रिटिश प्रधानमंत्री के आधिकारिक एक्स हैंडल ने एक तस्वीर जारी की। सड़क के गड्ढों को ठीक करने के लिए आठ अरब पाउंड आवंटित करने की घोषणा के साथ उसमें यह गर्वोक्ति भी थी कि %यह किसी राजनेता द्वारा सड़क के गड्ढे की ओर इशारा करने का आखिरी मामला होगा। शासन में ऐसे गड्ढों या अवरोधों की बड़ी कीमत वहां के नागरिकों को चुकानी पड़ रही है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स ने हाल ही में एक आंकड़ा जारी किया ~%अस्पताल में इलाज कराने की वेटिंग लिस्ट विगत सितंबर में बढ़कर लगभग 78 लाख हो गई।% एनएचएस (नेशनल हेल्थ सर्विस) के मुताबिक, सामान्य और चिकित्सकीय परामर्श चाहने वाले मरीजों को अधिक से अधिक 18 सप्ताह तक इंतजार करना पड़ सकता है। पर 2016 से यह इंतजार 18 सप्ताहों से कहीं ज्यादा है। बदहाली स्वास्थ्य सेवा तक सीमित नहीं है। स्कूली शिक्षा भी बाधित हो रही है। इस महीने की शुरुआत में सरकार ने 231 खतरनाक स्कूलों की सूची जारी की। दरअसल भवन निर्माण में लाइटवेट कंकरीट का इस्तेमाल करने से इन भवनों के ढह जाने का खतरा है। नतीजतन इन स्कूलों के छात्रों को अस्थायी कक्षाओं में भेजा गया है। ब्रिटेन में सिर्फ नागरिक ही नहीं भुगत रहे, सरकार की स्थिति भी ठीक नहीं। विगत 18 महीनों में इस देश ने तीन प्रधानमंत्री देखे हैं, और एक बार फिर प्रवासियों के मुद्दे पर सरकार गिरने की आशंका है। संकट में सिर्फ ब्रिटेन नहीं, बल्कि पूरा यूरो जोन ही आर्थिक मंदी की ओर जा रहा है। यूरोपीय संघ की आर्थिक विकास दर घटकर 1.7 फीसदी रहने वाली है। ऐसा क्यों है? यूरोपीय सेंट्रल बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री फिलिप लेन कहते हैं ~%अनेक देश 1990 के दशक में आर्थिक रूप से जहां खड़े थे, आज वहां से काफी पीछे चले गए हैं। समय के साथ आर्थिक सुधार रोक दिए गए।% इस आर्थिक गतिरोध के नतीजे बहुआयामी हैं। यूरोप हड़तालों से प्रभावित है। फ्रांस में श्रमिक संघों से जुड़े कामगार पहले मार्च, फिर अक्तूबर में हड़ताल पर चले गए। विगत सात दिसंबर को जर्मनी में ट्रेन ड्राइवर अपनी मांग न माने जाने पर हड़ताल पर चले गए थे-जो इस साल उनकी चौथी हड़ताल थी। इटली, फ्रांस, बेल्जियम और यूनान के हवाई अड्डों पर हड़ताल से न सिर्फ हवाई यातायात बाधित हुआ, बल्कि इससे यूरोपीय लोगों के छुट्टियों पर जाने की योजना भी प्रभावित हुई। हवाई अड्डों पर हड़ताल के लगातार मामलों को देखते हुए टाइम आउट जैसे प्रकाशन को यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी कर बताना पड़ा कि दिसंबर में 10, 12, 15ङ्क17, 19 और 22ङ्क31 हड़ताल की तारीखें हैं।

अर्थशास्त्र राजनीति को प्रभावित करता है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के लिए दूसरे मुल्कों को अपना उपनिवेश बनाने वाले और अफ्रीका व अन्य देशों से बड़ी संख्या में श्रमिकों को लुभाकर ले जाने वाले विकसित देश आज प्रवासन-विरोधी हिंसा के केंद्र बन गए हैं। जबकि याद किया जा सकता है कि जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड्स, डेनमार्क और स्वीडन जैसे देशों ने अपनी अर्थव्यवस्था को आकार देने के लिए कभी %गेस्ट वर्कर्स% प्रोग्राम शुरू किए थे। ऐसे ही, विश्वयुद्ध के बाद अपनी अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण के लिए जर्मनी ने तुर्किये, मोरक्को और ट्यूनीशिया से 20 लाख कामगार बुलाए थे। जबकि फ्रांस ने उत्तर अमेरिका से श्रमिकों को अपने यहां आकर्षित किया था। आज उसका उल्टा हो रहा है।

दशकों से यूरोप अपनी सुरक्षा जरूरतें नाटो से और आर्थिक जरूरतें चीन से आउटसोर्स करता रहा है। लेकिन वह दौर अब खत्म हो चुका है। यूरो जोन में उत्पादकता रसातल में है, इसकी आबादी सिकुड़ रही है। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए उन्हें प्रवासी कामगार चाहिए, पर इसके तमाम देश प्रवासन-विरोधी नीतियों की प्रयोगशाला बन गए हैं। फ्रांस, स्वीडन, आयरलैंड और जर्मनी के दक्षिणपंथी प्रवासी मजदूरों के खिलाफ सड़कों पर हैं। इटली, हंगरी और स्लोवाकिया जैसे देशों के चुनावी नतीजे इसी के अनुरूप हैं। जिस नीदरलैंड्स की अर्थव्यवस्था प्रवासियों द्वारा निर्मित है, उसने हाल ही में प्रवासन-विरोधी और दक्षिणपंथी गीर्ट विल्डर्स को नेता चुना। अमेरिका में अर्थव्यवस्था बेशक ठीक है, लेकिन राजनीति अराजकता में बदल गई है। मानवाधिकारों पर पूरी दुनिया को ज्ञान देने वाले अमेरिका में महिलाओं का अधिकार खतरे में है। उसकी स्वास्थ्य सेवा ध्वस्त हो चुकी है। विगत 12 महीनों में वहां दवाओं के ओवरडोज से 1,06,842 लोग मारे गए हैं। विगत छह दिसंबर तक वहां भीड़ पर गोलीबारी के 633 मामले सामने आए थे। राजनीतिक नेतृत्व निश्चित रूप से मायने रखता है, लेकिन फिलहाल तो यही लगता है कि अमेरिका में दो वृद्धों के बीच राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई है। एनबीसी के एक हालिया सर्वेक्षण के मुताबिक, 70 फीसदी लोगों को बाइडन पसंद नहीं है, जबकि 60 प्रतिशत लोग ट्रंप को राष्ट्रपति के रूप में नहीं देखना चाहते। विकसित दुनिया के जरिये तीसरी दुनिया में जो दृश्य उभरकर आते हैं, वे दुखद हैं। अपनी तरक्की के जरिये चीन अधिनायकवादी शासन व्यवस्था का औचित्य ठहराना चाहता था, लेकिन उसकी विफलता ने उसे बेनकाब कर दिया है। विकसित देशों की विफलता यह उजागर करती है कि कानून आधारित लोकतांत्रिक विश्व का विचार क्यों लड़खड़ा रहा है।

साभार : यह लेखक के अपने विचार हैं।

ब्रिटेन व अमेरिका भी उलझाता रहा कश्मीर समस्या को

एल एस हरदेनिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी सहित संपूर्ण संघ परिवार जवाहरलाल नेहरू को कश्मीर की समस्या के लिए उत्तरदायी मानते हैं। परंतु कश्मीर समस्या के इतिहास का बारीकी से अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि समस्या को उलझाने में ब्रिटेन व अमेरिका द्वारा की साजिषों की निर्णायक भूमिका थी। अमेरिका और ब्रिटेन और खासकर ब्रिटेन यह चाहते थे कि जम्मू- कश्मीर का पाकिस्तान में विलय हो जाए। भारत के विभाजन के पूर्व ब्रिटेन के आखिरी वायसराय और गर्वनर जनरल लार्ड माउंटबेटन ने पूरा प्रयास किया कि कश्मीर पाकिस्तान में शामिल हो जाए। इस बीच कश्मीर के महाराजा हरिसिंह ने यह घोषणा कर दी कि वे कश्मीर को एक स्वतंत्र देश बनाकर उसे एशिया का स्विटजरलैंड बनाना चाहेंगे। इसी बीच ब्रिटेन की जानकारी के चलते पाकिस्तान ने कश्मीर पर हमला कर दिया। हमला फौज ने नहीं बल्कि कबीलाई पठानों ने किया। इस हमले की निंदा करते हुए कश्मीर के सर्वमान्य नेता शेख अब्दुल्ला ने कहा कि ये हमलावर हथियारों से सुसज्जित थे। इन हमलावरों ने भयानक तबाही मचाई ङ्क लोगों को लूटा, महिलाओं के साथ बदसलूकी की। ये अपराधी थे जिन्हें कुछ लोगों ने कश्मीर को आजाद कराने वाला शहीद बताया। इन्होंने बच्चों को मारा और कुरान तक का अपमान किया। ब्रिटेन के अप्रत्यक्ष समर्थन से हुए पठानों के इस हमले से भी जब कश्मीर को पाकिस्तान में नहीं मिलाया जा सका तो जनमत संग्रह की बात की जाने लगी। परंतु माउंटबेटन को लगा कि यदि उस कश्मीर में जनमत संग्रह होगा जिसका विलय भारत में हो चुका है तो उसका नतीजा भारत के हक में ही होगा।

इसके बाद माउंटबेटन लाहौर गए और वहां उन्होंने जिन्ना से मुलाकात की। जिन्ना ने सुझाव दिया कि दोनों देशों की सेनाओं को कश्मीर से हट जाना चाहिए। इस पर माउंटबेटन ने पूछा कि आक्रमणकारी पठानों को वहां से कैसे हटाया जाएगा। इसपर जिन्ना ने कहा कि यदि आप उन्हें हटाएंगे तो समझो कि अब किसी भी प्रकार की बात नहीं होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि भारत के विभाजन के पहले जिन्ना कश्मीर गए थे। वहां उन्होंने यह कोशिश की थी कि कश्मीर के मुसलमान उनका साथ दें। परंतु कश्मीर के मुसलमानों ने स्पष्ट कर दिया कि वे भारत के आजादी के आंदोलन के साथ हैं तथा द्वि-राष्ट्र सिद्धांत के विरोधी हैं। इस बीच माउंटबेटन ने सुझाव पर दिया कि कश्मीर का सारा मामला संयुक्त राष्ट्र संघ को सौंप दिया जाए। 1 जनवरी 1948 को सारा मामला संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद को सौंप दिया गया। जैसे ही मामला सुरक्षा परिषद को सौंपा गया ब्रिटेन ने भारत के विरूद्ध बोलना प्रारंभ कर दिया। इस बीच ब्रिटेन व अमेरिका ने भारत की हमले की शिकायत को भारत-पाकिस्तान के बीच विवाद का रूप दे दिया। सुरक्षा परिषद की बैठक में ब्रिटेन ने भारत की तीव्र शब्दों में निंदा की। इस बीच ब्रिटेन ने भारत पर युद्धविराम का प्रस्ताव मंजूर करने का दबाव बनाया। ऐसा उस समय किया गया जब भारतीय सेना आक्रमणकारियों को पूरी तरह से खदेड़ने की स्थिति में थी। परंतु ब्रिटेन व अमेरिका जानते थे कि यदि भारत ने आक्रमणकारियों को खदेड़ दिया तो कश्मीर की समस्या सदा के लिए समाप्त हो जाएगी। इसलिए उन्होंने जबरदस्त दबाव बनाकर युद्धविराम करवा दिया। युद्धविराम का नतीजा यह हुआ कि कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में बना रहा। इस बीच जनमत संग्रह का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया। परंतु उसके साथ यह शर्त रखी गई कि पाकिस्तान कश्मीर से अपनी सेना हटा लेगा। इसके साथ ही यह शर्त भी रखी गई कि पाकिस्तान उन कबीलाईयों और पाकिस्तान के उन नागरिकों को वहां से हटाने का प्रयास करेगा जो वहां पाकिस्तान की ओर से युद्ध कर रहे थे। पाकिस्तान ने इस प्रस्ताव को स्वीकार तो कर लिया परंतु ब्रिटेन व अमेरिका ने पाकिस्तान पर इसपर अमल करने के लिए दबाव नहीं बनाया। इसका कारण यह था कि ये दोनों देष जानते थे कि यदि पाकिस्तान द्वारा कश्मीर से अपनी फौज हटा ली जाएगी तो वहां होने वाले जनमत संग्रह के नतीजे भारत के पक्ष में होंगे। जब यह स्पष्ट हो गया कि जनमत संग्रह के माध्यम से ब्रिटेन व अमेरिका कश्मीर पर अप्रत्यक्ष रूप से अपना दबदबा नहीं रख पाएंगे तो उन्होंने एक नई चाल चली। दोनों देशों ने सुझाव दिया कि कश्मीर के मामले का हल मध्यस्थता के माध्यम से निकाला जाए। इस संबंध में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली और अमेरिका के राष्ट्रपति हैरी ट्रूमेन ने औपचारिक प्रस्ताव भेजा। दोनों देशों ने नेहरूजी पर इतना दबाव बनाया कि उन्हें सार्वजनिक रूप से अपनी असहमति जाहिर करनी पड़ी। नेहरू ने यह आरोप लगाया कि ये दोनों देश समस्या को सुलझाना नहीं चाहते बल्कि अपने कुछ छिपे इरादों को पूरा करना चाहते हैं। बाद में यह भी पता लगा कि मध्यस्थता के माध्यम से ब्रिटेन और अमेरिका कश्मीर में विदेशी सेना भेजना चाहते थे। इस मामले की गंभीरता को समझते हुए सोवियत संघ ने अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना आवश्यक समझा। सन् 1952 के प्रारंभ में सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए सोवियत संघ के प्रतिनिधि याकोव मौलिक ने कहा कि पिछले चार वर्षों से कश्मीर की समस्या इसलिए हल नहीं हो पा रही है क्योंकि ब्रिटेन व अमेरिका अपने साम्राज्यवादी इरादों को पूरा करने के लिए कश्मीर को अपने कब्जे में रखना चाहते हैं, इसलिए संयुक्त राष्ट्रसंघ के माध्यम से ऐसे प्रस्ताव रख रहे हैं जिनसे कश्मीर इनका फौजी अड्डा बन जाए। इसके बाद सोवियत संघ ने ब्रिटेन और अमेरिका के उन प्रस्तावों को वीटो का उपयोग करते हुए निरस्त करवा दिया जिनके माध्यम से ये दोनों देश कश्मीर को अपना उपनिवेश बनाना चाहते थे।

सन् 1957 में पुनः सुरक्षा परिषद में कश्मीर के सवाल पर एक लंबी बहस हुई। बहस में भाग लेते हुए सोवियत प्रतिनिधि ए ए सोवोलेव ने दावा किया कि कश्मीर की समस्या बहुत पहले अंतिम रूप से हल हो चुकी है। समस्या का हल वहां की जनता ने निकाल लिया है और तय कर लिया है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इस बीच अनेक ऐसे मौके आए जब जवाहरलाल नेहरू ने कड़े शब्दों में ब्रिटेन व अमेरिका की निंदा की। इस दरम्यान अमेरिका ने पाकिस्तान को भारी भरकम सैन्य सहायता देना प्रारंभ कर दिया। नेहरू ने बार-बार कहा कि वे किसी हालत में इन साम्राज्यवादी ताकतों के दबाव में नहीं आएंगे न अगले वर्ष और ना ही भविष्य में कभी। इस बीच एक ऐसी घटना हुई जिसकी कल्पना कम से कम जवाहरलाल नेहरू ने नहीं की थी। वर्ष 1962 के अक्टूबर में चीन ने भारत पर हमला कर दिया। चीनी हमले के बाद अमेरिका व ब्रिटेन ने भारत को नाम मात्र की ही सहायता दी और वह भी इस शर्त के साथ कि भारत कश्मीर समस्या हल कर ले। अमेरिका के सवेरोल हैरीमेन और ब्रिटेन के डनकन सेन्डर्स दिल्ली आए। दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने चीनी हमले की चर्चा कम की और कश्मीर की ज्यादा। भारत की मुसीबत का लाभ उठाते हुए अमेरिका ने मांग की कि भारत में वाइस ऑफ अमेरिका का ट्रांसमीटर स्थापित करने की अनुमति दी जाए और सोवियत संघ से की गई संधि को तोड़ दिया जाए। कुल मिलाकर अमेरिका और ब्रिटेन ने कश्मीर के प्रश्न पर भारत का साथ न देकर पाकिस्तान का साथ दिया। अमेरिका व ब्रिटेन प्रजातांत्रिक देश हैं परंतु अपने संकुचित स्वार्थों की खातिर इन दोनों देशों ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का साथ न देकर एक अलोकतांत्रिक देश का साथ दिया। यदि ये दोनों देश भारत का साथ देते तो कश्मीर की समस्या कब की हल हो गई होती।

साभार : लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, यह उनके विचार हैं।

कुसुम कॉलेज के छात्र छात्राओं को एथलेटिक्स में मिला स्वर्ण पदक

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम ने शारीरिक शिक्षा विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महाविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ अनुराग पथक ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थी राजवीर रघुवंशी ने संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीता है। संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विधि मालवीय का 400 मीटर रेस में, गौतम का भाला फेंक में, शिवानी उइके का गोला फेंक एवं अन्य छात्र छात्राओं ने अन्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाई देकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ कल्पना स्थापक, प्रो एससी अग्रवाल, डॉ योगेश खंडेलवाल, डॉ जया कैथवास, डॉ आरती पडियार, श्रीमती विजय मालवीय, श्रीमती सुमन यादव, प्रशांत चौरसिया, डॉ रश्मि सोनी, नवनीत सोनारे, श्रीमती गीता डोंगरे, कैलाश गड़वाल, डॉ प्राची सिंह, रोहित मालवीय तथा समस्त स्टाफ द्वारा प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

एग्रो डोन के माध्यम से फसलों में दवा के छिड़काव का किया गया प्रदर्शन...

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। यह यात्रा 18 दिसम्बर को जिले की अनेक ग्राम पंचायतों से निकाली गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। सोमवार को जनपद सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत गाजनपुर और भमेड़ी, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत जमारा और उटियाकिशोर, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत भरगदा और चौकीपूरा , जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी और पोंडी, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत पवारखेड़ा और सुआखेड़ी में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ढिकवाड़ा एवं काजलखेड़ी में संकल्प यात्रा पहुंची और यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है एवं पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभांवित किया जा रहा है। इस दौरान स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ भी दिया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रमों में एग्री ड्रोन के माध्यम से दवा छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया।

19 दिसंबर को इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा

19 दिसंबर को जनपद सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत भमेड़ीदेव और खारदा, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत खापरखेड़ा और गाढ़ाघाट, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत नया भाड़भूड़ और नया मल्लूपुरा, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत केसला और भेरूपुर, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत शुल्कारवाड़ाफार्म और जावली में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत उटियाकिशोर एवं महुआखेड़ा कला में संकल्प यात्रा पहुंचेगी और यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

सिवनीमालवा के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की दी जानकारी

सिवनी मालवा। प्रदेश के साथ ही जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। यह यात्रा 18 दिसम्बर को जिले की अनेक ग्राम पंचायतों से निकाली गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। सोमवार को जनपद सिवनीमालवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गाजनपुर और भमेड़ी, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत जमारा और उटियाकिशोर, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत भरगदा और चौकीपूरा , जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी और पोंडी, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत पवारखेड़ा और सुआखेड़ी में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ढिकवाड़ा एवं काजलखेड़ी में संकल्प यात्रा पहुंची और यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

विभागों के लक्ष्य निर्धारित कर कलेक्टर ने उन्हें समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के कार्य पूर्ण कराए जाए : कलेक्टर

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

सभी विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन किया जाएं। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में आधिकारियों को दिए। उन्होंने विभागों के लक्ष्य तय कर उन्हें समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर नल जल योजनाओं को तेजी से पूर्ण कराएं। फरवरी माह के अंत तक 60 प्रतिशत से अधिक हर घर जल घोषित करने की कार्यवाही की जाएं।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को जिले में समस्त उप स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब हैल्थ सेंटर्स की कड़ी मॉनिटरिंग का सिस्टम स्थापित करें। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अपने निर्धारित मुख्यालय पर रहें यह सुनिश्चित कराएं। सभी नगर पालिकाओं को कर वसूली की नियमित समीक्षा कर वसूली में गति लाने के निर्देश दिए। उहोंने स्वास्थ्य और नगरीय निकायों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड का शत प्रतिशत वितरण किया जाएं। खाद्य विभाग को निर्देश दिए कि दुकान विहिन पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकानें स्थापित किए जाएं। हितग्रहियों की शत प्रतिशत आधार सीडिंग कराएं।

जिले के प्रमुख निर्माण प्रोजेक्ट्स को पूरा करने में गति लाएं

समय सीमा की बैठक आयोजित

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बैंक लोन संबंधी समस्त योजनाओं में बैंक सभी प्रकरणों का निराकरण कराएं। राजस्व विभाग द्वारा बी वन का वाचन करा फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज करें और उनका निराकरण कराएं। सीमांकन, नामांतरण और बटवारा के कोई भी प्रकरण लंबित न रहें। स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राउंड ट्रूथिंग शत प्रतिशत पूर्ण की जाएं। ताकि फरवरी माह के अंत तक अंतिम प्रकाशन किया जा सके। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ कराएं। जनजातीय कार्य विभाग और अल्प संख्यक एवं ओबीसी विभाग द्वारा अपने छात्राबेस में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर कराएं।

सभी निर्माण विभाग द्वारा जिन निर्माण कार्यों में टेंडर हो गए हैं, उन कार्यों को 15 दिवस के अंदर प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास द्वारा कुपोषित और गंभीर कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन के लिए पुनः सघन अभियान चलाया जाएं। बच्चों का आइडेंटिफिकेशन सही ढंग से किया जाए। जिला शिक्षा समन्वयक को जिले में पहली कक्षा में दर्ज बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नर्मदा लोक , नर्मदापुरम नगर में सिवरेज लाइन, फोरलेन निर्माण, दूधी परियोजना ,नादिया पुल निर्माण, सब हेल्थ सैंटर्स निर्माण , एमपीईबी द्वारा नवीन सब स्टेशन निर्माण, पचमढ़ी एयरस्ट्रिप इत्यादि प्रमुख प्रोजेक्ट्स की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने उक्त सभी निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने नर्मदा लोक और सिवरेज लाइन कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश सीएमओ नर्मदापुरम और एमपीयूडीसी के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम और उपार्जन संबंधी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में धान उपार्जन सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। खरीदी की गंभीरतापूर्वक मॉनिटरिंग करें। बैठक मेंबताया गया कि जिले में 2750 किसानों से 29315 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन संबंधी अधिकारियों को सुचारु रूप से खरीदी गई धान का परिवहन कराने के निर्देश दिए। बनखेड़ी मंडी से भी शेष धान का शीघ्र परिवहन कराने के निर्देश एसडीएम को पिपरिया को दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम धान खरीदी केंद्रों का सतत निरीक्षण करें। खरीदी में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में खाद वितरण और नहरों से सिंचाई की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों से राशन का सुचारू वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूलों का कार्य गुणवत्ता ूर्ण रूप से कराने के निर्देश ई पीआईयू को दिए। उन्होंने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को भी पूर्ण करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि नगरों में अलाव की व्यवस्था रहें। घाटों पर साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं को सुधारे। उन्होंने मीनाक्षी चौक के चौड़ीकरण किए जाने के संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि आवंटन के प्रकरणों की भी जानकारी ली। संबल योजना और अनुग्रह सहायता की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी सीएमओ और सीईओ को लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार संचालित योजनाओं में बजट की स्थिति की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी विभागवार सीएम समीक्षा कर शिकायतों संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से बात कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए।

पंचायत उप निर्वाचन के तहत मतदान 5 जनवरी को

नर्मदापुरम। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया। मतदान 5 जनवरी, 2024 को होगा। पंचायतों उप निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 15 दिसम्बर, 2023 से शुरू हो गया है। नाम निर्देशन-पत्र 22 दिसम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जाँच 23 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। पंचायतों में मतदान 5 जनवरी, 2024 को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक और नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। पंचायत उप निर्वाचन में पंचायत पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र में ही होगी। सरपंच की ईव्हीएम में की जाने वाली मतगणना 9 जनवरी को संबंधित विकासखण्ड मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से की जायेगी। जिले में 01 सरपंच, और 138 पंच पद के लिये उप निर्वाचन होगा।

जनजातीय संस्कृति आधारित हो सीएम राइज विद्यालयों का लैंडस्केप

सीहोर । सीएम राइज विद्यालयों की लैंडस्केप प्लानिंग जनजातीय संस्कृति को ध्यान में रखकर की जाए ताकि राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बने।यह बात अपर मुख्य सचिव श्री एस.एन. मिश्रा ने कहा कि स्थानीय विद्यालय की लैंडस्केपिंग का विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ना चाहिए। वहां की क्षेत्रीय विशेषताओं, कला और भौगोलिक परिवेश आधारित ऐसी लैंडस्केपिंग की जानी चाहिए जिसका रख-रखाव भी आसान हो। वे आज यहां जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विभागीय सीएम राइज विद्यालयों के लैंडस्केप प्लानिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे जनजातीय कार्य विभाग के अपर आयुक्त डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने कहा प्रदेश के विभिन्न जिलों में बनने वाले जनजातीय सीएम राइज विद्यालयों कि प्रत्येक विद्यालय का लैंडस्केप डिजाइन अनूठा होना चाहिए। विद्यालय के परिवेश व वातावरण के साथ उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं व सुविधाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन करने की जरूरत है। किसी भी भवन या कैंपस का लैंडस्केप डिजाइन ही उसका फर्स्ट इंप्रेशन होता है इसलिए इसकी प्लानिंग का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आकर्षक व सृजनात्मक लैंडस्पेक डिजाइन विद्यार्थियों व शिक्षक की सृजनात्मकता बढ़ाने का कार्य करता है।

मेट्रो एंकर

कलेक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम ने किया शुभारंभ

नवजात शिशु देखभाल सप्ताह शुरू, 23 दिसंबर तक मनाया जाएगा

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

नवजात शिशु देखभाल सप्ताह
18.12.23 - 23.12.23

नर्मदापुरम. जिले में नवजात शिशु देखभाल सप्ताह 18 दिसंबर 23 दिसंबर तक मनाया जाएगा। सोमवार को कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम श्रीमती नीतू यादव के मुख्य अतिथि में शिशु देखभाल का शुभारंभ जिला चिकित्सालय में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश दहलवार डॉ राजेश महेश्वरी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दहलवार ने बताया कि नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाना मध्य प्रदेश शासन का प्रमुख लक्ष्य है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में भारत शासन के दिशा-निर्देशानुसार राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का आयोजन दिनांक 18 से 23 दिसम्बर 2023 तक किया जा रहा है, जिसमें वर्ष 2023 में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह की मुख्य थीम समुदाय-संस्था के सहभागिता से नवजात शिशु के जीवन को बेहतर बनाना सुनिश्चित करना है।

डॉ देहलवार ने बताया कि राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के दौरान प्रत्येक नवजात शिशु को संस्था एवं समुदाय में गुणवत्तापूर्ण देखभाल के साथ-साथ विकासात्मक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदाय किया जाना मुख्य उद्देश्य रहेगा। इस दौरान समस्त नवजात शिशु के साथ-साथ ऐसे नवजात शिशु जोकि समय पूर्व एवं कम वज़न के, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई से डिस्चार्ज नवजात शिशु का फोलोअप कर स्वास्थ्य प्रदायगी सुनिश्चित की जानी रहेगी। इसके अलावा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का भी फॉलोअप किया जाना रहेगा, जिससे स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया जा सके।राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के सफल आयोजन हेतु निम्न गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी। जिसमें जिला एवं विकासखण्ड स्तर जिला स्वास्थ्य समिति में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठक कर, एनएनडबल्यू के लिए कार्यशाला / उन्मुखीकरण का आयोजन किया जाएगा। एसएनसीयू एवं एनबीएसयू का मुस्कान चेकलिस्ट अनुसार बेस लाईन असेसमेंट किया जायेगा।

एनबीएसयू एवं एसएनसीयू का रेफरल लिंकेजेस स्थापित करना तथा एसएनसीयू से एनबीएसयू में बैक रेफरल को बढ़ावा देना। इसी प्रकार हक्र्ष्ष्ट से स्ह्ष्ट एवं हक्र्ङ्क रेफरल बढ़ाना।स्तनपान संबंधी काउंसलिंग करना तथा ओ.पी.डी. एवं वार्ड में मुस्कान चेकलिस्ट अनुसार ब्रेस्टफीडिंग कार्नर स्थापित करना। राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताहे अंतर्गत की जाने वाली प्रभावी रूप से सम्पूर्ण जिला एवं विकासखण्ड में आयोजित किया जाना इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

दोपहर मेट्रो
Help Line

राम राजा सरकार जागरण ग्रुप
भजन संध्या, सुंदरकाण्ड

Arc & Structure
New Age Building Construction & It's Solution
- All type of Planning Work
- Residential, Commercial & Industrial Projects
- Structural, Elevation (2D & 3D) & Interior Designing
- Estimation & Costing Work
101, First Floor, Eco Heights, E- Sector Sarvdharm, Kolar Road Bhopal (M.P.)
8319509858

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने कलेक्टर- एसपी ने दिए दिशा-निर्देश

रायसेन, दोपहर मेट्रो

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन करने हेतु नागरिकों को जागरूक करने किए जा रहे कार्यों, गतिविधियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री दुबे ने जिले में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हांकित करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सेंडोरा-सदालतपुर-रायसेन मार्ग तिराहा क्षतिग्रस्त होने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सांची और खरबई में 146-हाईवे पर लगाई गई रैलिंग के क्षतिग्रस्त होने से सड़क मार्ग पर पशुओं के अचानक सामने आ जाने दुर्घटना की संभावना बने रहने पर कलेक्टर श्री दुबे ने एनएच अधिकारी को रैलिंग ठीक कराने के निर्देश दिए। बैठक में उदयपुरा-गाडरवारा ओवर ब्रिज पर रैलिंग लगानए जाने के संबंध में भी निर्देश दिए गए। साथ ही सांची-गुलगांव ओवरब्रिज प्वाइंट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। बैठक में उप संचालक कृषि तथा कृषि उपज मण्डी अधिकारी को ट्रेक्टर-ट्रालियों के पीछे रेडियम लगवाए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल ने बताया कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर वाहनों की दुर्घटनाओं में चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण मृत्यु या गंभीर चोट की स्थिति बनती है। इसके दृष्टिगत जागरूकता कार्यक्रमों, गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने की समझाईश दी जा रही है। इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार पीपीटी प्रजेन्टेशन के माध्यम से बैठक के एजेण्डे में शामिल विभिन्न बिन्दुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डीएफओ श्री विजय कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

सिंचाई विभाग की मिली भगत से कैथन बांध से पानी चोरी रुकने का नहीं ले रही है नाम

एसडीएम ने कार्रवाई के लिए बनाया संयुक्त दल, अवैध खेती को भी रोकना होगा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

बरसात कम मात्रा में होने के कारण केथन डेम का पेट खाली होने से शहर में जल संकट की समस्या भविष्य में बंटे हुए दिखाई दे रही है दूसरी ओर पानी कम होने के बाद भी कई किलोमीटर तक बड़ी-बड़ी मोटरों से पानी ले जाने का काम हो रहा है। यह सबसे सिंचाई विभाग की अनदेखी या फिर साठ गांठ से हो रहा है तभी तो पानी ले जाने वालों पर विधायक के निर्देशों के बाद भी सिंचाई विभाग के जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं समय रहते पानी को ले जाने से रोक नहीं गया तो आने वाले कुछ दिनों में ही पानी को लेकर दिक्कत शहर में होने लगेगी डेम में पानी की जगह पर खाली जमीन दिख रही है। जिस रफ्तार से भूमि का जलस्तर नीचे गिर रहा है दूसरी ओर केथन बांध से भी पानी चोरी होने का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा इस वजह से जलस्तर में भी तेजी से गिरावट दर्ज हो रही है। इसी तरह अवैध रूप से पानी चोरी होता रहा तो गर्मियों से पहले ही केथन डेम पूरी तरह से खाली हो जाएगा इस स्थिति में आने वाले एक-दो महीने में ही पानी को लेकर किल्लत शुरू हो जाएगी।

दूसरी ओर अवैध रूप से खेती करने वालों के द्वारा भी खेती करने का दौर प्रारंभ कर दिया है। उसको रोकने के लिए भी शासन प्रशासन और सिंचाई विभाग को मिलकर ठोस कदम उठाने होंगे अभी तो सिंचाई विभाग की मिली भगत से ही पांच-पांच किलोमीटर तक अवैध रूप से डेम से बड़ी-बड़ी मोटर लगाकर पानी ले जाने का काम किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद भी सिंचाई विभाग के जिम्मेदार तो कार्रवाई करने की जगह पर अनजान बने हुए हैं। वही केवल कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति कर देते हैं ।रात के अंधेरे में मोटरों चालू हो जाती हैं।

बिजली वितरण कंपनी को भी यहां पर कनेक्शन देना बंद करना होगा तब जाकर पानी चोरी पर लगाम लग पाएगी। इस वजह से जलस्तर से नीचे पहुंच रहा है। दूसरी ओर आसपास के कई किसानों के द्वारा भी मोटर लगाकर सिंचाई के लिए पानी का उपयोग किया जा रहा है , कुछ किसानों के द्वारा रात के अंधेरे में इस काम को अंजाम दिया जाता है। यहां सब सिंचाई विभाग कुछ कर्मचारियों की सहमति से हो रहा है। सूत्र बताते हैं इसके बदले में कई किसानों के द्वारा इनकी सेवा भी की जाती है उसके बदले डैम में से पानी चोरी करवाने का काम भी ऐसे कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है। इनकी पहचान करके इन पर भी जिम्मेदारों को कार्रवाई करनी होगी पानी चोरी करवाने वाले कर्मचारियों की जानकारी प्रशासन के अधिकारियों को है। वही देखना है कि ऐसे कर्मचारियों पर लगाम लगाने के लिए कार्रवाई होगी या नहीं। इनकी मिली भगत से ही यह सब गोरख धंधा चल रहा है, तभी तो पानी चोरी रुकने का नाम नहीं ले रहा है दिन में कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति करने के लिए सिंचाई विभाग के कर्मचारी पहुंचते हैं और रात में पानी चोरी करवाते हैं। पानी चोरी करने वालों की लंबी-लंबी दूरी तक लाइन है डाली हुई है उनको हटाने का काम किसी भी विभाग के द्वारा नहीं किया जा रहा है। इसे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कहीं ना कहीं सिंचाई विभाग की मिली बाग से ही डेम में से पानी चोरी हो रहा है, इसी तरह पानी चोरी होता रहा तो पानी की बड़ी विकराल समस्या भी नगर में उत्पन्न हो सकती है। शहर वासियों की प्यास बुझाने के लिए एकमात्र व्यवस्था केथन डेम से ही होती है जिससे 80त्न जल की सप्लाई शहर में होती है अन्य श्रोतों से इतनी पर्याप्त व्यवस्था पानी की नहीं हो सकती है। दूसरी ओर पुराने जल स्त्रोतों पर समय रहते ध्यान नहीं दिया इस वजह से उनकी स्थिति भी दाहिनी हो गई है। इनको पुनर्जीवित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं उसे हालत में कितना पानी इन पुराने जल स्त्रोतों से मिल पाएगा इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। जल की समस्या का समाधान करने के लिए जिम्मेदारों को केथन डेम से पानी चोरी रोकने के लिए धरातल पर ठोस कदम उठाने होंगे जिस तरह से क्षेत्रीय विधायक जल संकट को लेकर चिंतित हैं उनके द्वारा लगातार एसडीएम ,नगर पालिका सहित सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। उनके निर्देश पर एसडीएम और नगर पालिका के द्वारा तो कदम उठाए जा रहे हैं। सिंचाई विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा विधायक के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है इस वजह से डैम में से सिंचाई के लिए कई किलोमीटर तक पानी ले जाने का काम निरंतर जारी है ।बड़ी-बड़ी मोटर यहां पर लगी हुई है इस वजह से प्रतिदिन डैम के पानी में गिरावट हो रही है। पानी कमी को देखते हुए नगर पालिका के द्वारा कम मात्रा में ही पानी की सप्लाई शहर में अभी से शुरू कर दी है क्योंकि पानी बचाने के लिए अभी से कदम उठाने होंगे तभी विकराल समस्या जो सामने दिख रही है उसे निपटा जा सकता है।

इनका कहना है

डेम से पानी चोरी रोकने के लिए संयुक्त रूप से दल बनाया गया है उसके द्वारा कार्रवाई की जाएगी इसके संबंध में निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

हर्षल चौधरी एसडीएम

भाजपा नेता ने उनारसीताल के सरपंच को घेरा

भुगतान नहीं करने का आरोप वर्तमान सरपंच पर लगा, जिले में पहुंचा मामला

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

ग्राम पंचायत उनारसीताल के पूर्व सरपंच और मंडल भाजपा पथरिया मंडल महामंत्री राजेश प्रभाकर ने प्रेस वार्ता करके अपने कार्यकाल में ग्राम पंचायत में किए गए निर्माण कार्यों का भुगतान नहीं करने के आरोप ग्राम पंचायत के वर्तमान सरपंच पर भुगतान नहीं करने के आरोप लगाते हुए कहा कि 5 लाख 11 हजार से अधिक के निर्माण कार्य विभिन्न योजना के तहत ग्राम पंचायत में करवाए गए हैं। जिसके बिल भी उपलब्ध कराए गए हैं फिर भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। पंचायत के वर्तमान सरपंच के द्वारा दबंगई से मेरा भुगतान रोका गया है। क्योंकि पहले जब मैं सरपंच थे तब मेरे काम में अलंग डालने का काम भी वर्तमान सरपंच के द्वारा किया जाता था। वहीं दोनों के बीच में कई समय से विवाद की स्थिति बनी हुई है इस वजह से वर्तमान सरपंच के द्वारा जानबूझकर पूर्व सरपंच के भुगतान नहीं किया जा रहा है इस वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई है।

सीईओ के निर्देश का नहीं कर रहा है पालन

पूर्व सरपंच के भुगतान का मामला जनपद जिला जनपद कार्यालय भी पहुंच चुका है जहां पर मामले की पेशी चल रही है वहां से भी पत्र जारी करके इसका समाधान करने के निर्देश दिए गए थे। जनपद सीईओ वंदना शर्मा ने ग्राम पंचायत का भ्रमण करने पहुंचे उन्होंने वहां पर भी सरपंच को पूर्व सरपंच का भुगतान करने के लिए निर्देश भी वर्तमान सरपंच को दिए दो बार पत्र भी जारी किया जिले से भी दो बार पत्र जारी हो चुका है फिर भी वर्तमान सरपंच ने भुगतान नहीं किया है। वही जनपद सीईओ से तो वर्तमान सरपंच ने सीधा कह दिया कि हम पूर्व सरपंच का भुगतान नहीं करेंगे जो लिखा पढ़ी करनी है वहां करिए पूरे सरपंच ने कुछ सामान दी हमें नहीं दिया है हमारा इससे विवाद है। वही दबंग सरपंच के हौसले इतने ज्यादा बुलंद है कि वह जिला और जनपद सीईओ के आदेश को भी मानने को तैयार नहीं है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी ऐसे सरपंच पर लगाम लगाने के लिए आगे कदम नहीं उठा पा रहे हैं इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा सरकार में ही भाजपा कार्यकर्ताओं की भी सुनवाई नहीं हो रही है।

इनका कहना है

मेरा भुगतान टालने का काम जानबूझकर सरपंच के द्वारा किया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी भी भुगतान नहीं करवा पा रहे हैं जो भी बिल मैंने दिए हैं वह काम हो चुके हैं? अब आगे कदम उठाऊंगा यदि जल्दी भुगतान नहीं हुआ तो। राजेश प्रभाकर पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता। हमारे द्वारा मध्यस्थ भी की जा चुकी है मेरे द्वारा दो पत्र लिखे गए हैं जिले से भी दो पत्र जारी हो चुके हैं। वहीं मामला जिले में पहुंच चुका है। वर्तमान सरपंच के द्वारा भुगतान करने से मना कर दिया है।

***वंदना शर्मा,** जनपद सीईओ*

नगर पालिका लिंक रोड की सड़क से धूल मिट्टी हटा रही, ठेकेदार डाल रहा!

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

लिंक रोड की सड़क बनाने के नाम पर ठेकेदार के द्वारा सभी की मुश्किलें बड़ा रखी हैं, सड़क बनाने में वैसे ही लेट लतीफी ठेकेदार और नगर पालिका के इंजीनियर के द्वारा की जा रही है जांच पड़ताल करने के लिए जिम्मेदार आते नहीं है ठेकेदार अपने हिसाब से कम को अंजाम देकर आगे बढ़ जाता है। निर्माण के दौरान सड़क पर ही खराब मटेरियल को डालकर छोड़ दिया जाता है ।इसकी वजह से धूल का गुब्बरे वाहनों के आने जाने के दौरान उड़ते हैं तो दो पहिया वाहन चालकों को दिखाई नहीं देता है इस वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। धूल के कारण दुकानदारों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है उन्हें कई तरह की बीमारियां भी हो रही है। शिकायत के बाद नगर पालिका के द्वारा सड़क पर से कचरा मिट्टी को हटाने के लिए सफाई कर्मियों को लगाया है । वहा कचरा हटाते हैं दूसरी ओर ठेकेदार फिर से मिट्टी डाल देता है इस वजह से समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को लापरवाही से काम करने वाले ठेकेदार पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम उठाते हुए निर्माण के साथ ही सड़क पर से मिट्टी और कचरा हटवाने का काम भी ठेकेदार से ही करवाना चाहिए तब जाकर धूल से मुक्ति मिल पाएगी इस वजह से इस समस्या का समाधान नहीं होगा ।

स्लाटर हाउस की की जांच करने पहुंचे सीएमओ

सिरोंज। शासन के द्वारा खुले में मांस बिक्री करने पर रोक लगाने की आदेश जारी की है। साथ ही बगैर लाइसेंस के काम को नहीं किया जा सकता यदि इसके बगैर लाइसेंस और खुले में मांस का विक्रय करते हुए कोई भी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिसको लेकर लगातार नगर पालिका मांस विक्रेताओं की जांच पड़ताल करके दिशा निर्देश दे रही है। इसी क्रम में र सीएमओ राम प्रकाश साहू ने नगर पालिका अमले के साथ सिलेटर हाउस का जायजा लेकर लाइसेंस की जांच पड़ताल की साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी लाइसेंस धारी खुले में मांस का विक्रय नहीं करेगा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें लापरवाही मिलने पर तत्काल कार्रवाई होगी शासन के नियम का सभी को पालन करना होगा इस दौरान बड़ी संख्या में मांस विक्रेता भी सीएमओ के पास एकत्रित हो गए थे। इस पर उन्हें सत्य लहजे में कहा कि शासन के आदेश का तो सभी को पालन करना होगा इसमें कोई कोताही ही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मेट्रो एंकर

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामों में ड्रोन से प्रदर्शन

ड्रोन से तरल यूरिया व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

विदिशा, दोपहर मेट्रो

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत विदिशा जिले के जिन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है उन ग्राम पंचायतो में ड्रोन के माध्यम से तरल नैनो यूरिया, डीएपी खाद एवं कीटनाश्क दवाओ का छिडकाव करने की अपील किसानो से की जा रही है साथ ही साथ इसका प्रदर्शन भी मौके पर किया जा रहा है।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री केएस खपेडिया ने बताया कि ड्रोन विधि से छिड़काव करने पर किसानो को कम समय में अधिक क्षेत्र में छिडकाव सुगमता से किया जा सकता है जिससे किसानो की लागत में कमी आएगी एवं खाद का समान मात्रा में पूरे खेत की फसल पर छिडकाव किया जा सकता है। ड्रोन द्वारा छिडकाव करने पर मजदूरो की समस्या नहीं रहेगी साथ ही छिडकाव करते समय मजदूरो को होने वाले नुकसान से भी बचा जा सकेगा। विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत लटेरी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत आनंदपुर और ग्यारसपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बर्रीघाट में सफलतापूर्वक प्रदर्शन कर किसानो को ड्रोन के माध्यम से छिडकाव करने हेतु अभिप्रेरित किया गया साथ ही साथ ड्रोन की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारियां विभागीय अधिकारियों के द्वारा किसानो को दी जा रही है।

कार्यालय, म.प्र. राज्य सहकारी अधिकरण भोपाल

बी 'विंग' भूतल, विंध्याचल भवन भोपाल
दूरभाष नं.-0755-2577288 (sahkariadhikaran@gmail.com)

क्र./सह. अधि./स्था./2023/1508
भोपाल, दिनांक :- 15.12.23

निविदा आमंत्रण

कार्यालय मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण (खण्ड-ब, भू-तल, विन्ध्याचल भवन) भोपाल के कार्यालयीन शासकीय कार्य हेतु टेक्सी कोटे की कार मासिक दरों पर उपलब्ध कराने के लिये मोहर बंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र में पंजीकृत ट्रेवल्स से आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्यालय	वाहन संबंधित संक्षिप्त विवरण वाहन का प्रकार वर्ष 2020 से 2023 के बीच का मॉडल	वाहन संख्या
01	भोपाल	म.प्र. शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 11-16/2012/ नियम-4/दिनांक 28.12.2017 अनुसार दिनांक 28.12.2017 में जिन वाहनों (कार) की कीमत (एक्स शोरूम कीमत) अधिकतम राशि रूपये 8,00,000/- (अक्षरी-आठ लाख) रूपये थी।	01
02	भोपाल	म.प्र. शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 11-16/2012/ नियम-4/दिनांक 28.12.2017 अनुसार दिनांक 28.12.2017 में जिन वाहनों (कार) की कीमत (एक्स शोरूम कीमत) अधिकतम राशि रूपये 6,50,000/- (अक्षरी-छः लाख पचास हजार) रूपये थी।	01

1. निविदा प्रपत्र एवं शर्तें रूपये 500/- (रूपये पॉच सौ मात्र) कोषालय के चालान द्वारा ''मांग संख्या-0425, सहकारिता-800 अन्य प्राप्तिया'' में जमा कर कार्यालय मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण (खण्ड-ब, भू तल, विन्ध्याचल भवन) भोपाल से प्राप्त की जा सकेगी।
2. निविदा प्रपत्र एवं शर्तें दिनांक 26.12.2023 से 29.12.2023 तक कार्यालयीन समय में, (अवकाश के दिनों को छोड़कर) विक्रय के लिए कार्यालय की लेखा शाखा में उपलब्ध रहेंगे।
3. मुहरबंद निविदायें दिनांक 04.01.2024 तक कार्यालयीन समय तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) स्वीकार की जा सकेगी एवं दिनांक 04.01.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे इस कार्यालय में कार्यालयीन निविदा मूल्यांकन समिति एवं निविदाकारों के समक्ष खोली जायेगी।

G-21892/23

प्र. रजिस्ट्रार
म.प्र. राज्य सहकारी अधिकरण भोपाल

कार्यालय संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल

भदभदा रोड, भोपाल- 462003
E-mail: fdvanvnp.bplamp.gov.in Phone &Fax 0755-2674278

क्रमांक/भंडार/ 3794
भोपाल दिनांक / 12/12/2023

ई-निविदा सूचना

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान -जू भोपाल में वर्ष 2023-24 में वन्यप्राणी चिकित्सालय में आपातकालीन स्थिति में वन्यप्राणियों के Neonatal Care के लिए Incubator for Pediatric wild animals उपकरण क्रय किये जाने हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निर्माताओं / अधिकृत विक्रेताओं से ऑन लाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज/ प्रपत्र बेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू- 500/- ऑन लाईन पोर्टल पर Credit card/Debit card/ Internet banking भुगतान कर वेबसाइट https://mptenders.gov.in क्रय किये जा सकेंगे।

1- ऑनलाइन निविदा क्रय करने की तिथि - 19.12.2023 Time 12:00 AM
2- Bid Submission start date 19.12.2023 Time 04:00 PM
3- Bid Submission and date 08.01.2024 Time 05:30 PM
4- Bid Submission date 09.01.2024 Time 03:30 PM

संचालक
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू
भोपाल

G-21818/23

आईपीएल मिनी ऑक्शन में 70 खिलाड़ी व 263 करोड़ रुपए!

नईदिल्ली, एजेंसी

आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में कुल 333 खिलाड़ी शामिल हैं, इनमें से अधिकतम 70 खिलाड़ियों पर ही बोली लगेगी। सभी टीमों के पर्स में कुल मिलाकर 262.95 करोड़ रुपये हैं। हालांकि, इस बार भी सबसे बड़ी बोली किसी विदेशी खिलाड़ी पर ही लगने की उम्मीद है। आईपीएल 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी दुबई में होगी। यह पहला मौका है, जब देश के बाहर आईपीएल ऑक्शन हो रहा है। यह एक मिनी ऑक्शन है और सभी टीमों के पास अधिकतर खिलाड़ी पहले से हैं। इस नीलामी में सभी फ्रेंचाइजी कुछ नए खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को और संतुलित करना चाहेंगी। अगले साल आईपीएल 2025 में मेगा ऑक्शन होना है। इससे पहले यह आखिरी मिनी ऑक्शन है। ऐसे में सभी टीमें इस साल यह सुनिश्चित करना चाहेंगी कि जो पांच खिलाड़ी उन्हें अगले पांच साल के लिए टीम में चाहिए, वह इसी साल टीम में हों ताकि अगले साल नीलामी से पहले उन्हें रिटेन किया जा सके। यहां हम कुछ सवालों के जवाब देकर नीलामी से जुड़ी हर जानकारी देने की कोशिश करेंगे।

नीलामी को कहां देखा जा सकता है?

अगर आप टीवी पर यह नीलामी देखना चाहते हैं तो स्टार स्पोर्ट्स चैनल पर इसे देख सकते हैं। वहीं, मोबाइल फोन पर इसकी लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा एप पर देखी जा सकती है। स्टार स्पोर्ट्स चैनल देखने के लिए आपको सेट टॉप बॉक्स पर सब्स्क्रिप्शन की जरूरत होती है, लेकिन जियो सिनेमा एप पर आप अपने फोन में फ्री में यह नीलामी देख सकते हैं।

नीलामी कब और कहां होगी?

यह नीलामी दुबई में होगी, यह पहला मौका है जब आईपीएल ऑक्शन देश से बाहर हो रहा है।

इस नीलामी में कुल कितने खिलाड़ी शामिल होंगे?

बीसीसीआई के अनुसार इस साल कुल 1166 खिलाड़ियों ने खुद को नीलामी के लिए पंजीकृत कराया था। इनमें से 333 खिलाड़ियों को नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं। इन 333 खिलाड़ियों में 116 ऐसे हैं, जो अपने देश के लिए खेल चुके हैं और 215 ऐसे हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का कोई अनुभव नहीं है। दो खिलाड़ी एसोसिएस देशों से हैं। 10 टीमों के पास कुल 77 खिलाड़ियों की जगह खाली है, इसमें 30 विदेशी खिलाड़ियों की है।

किस टीम के पर्स में कितना पैसा है?

सबसे ज्यादा पैसा गुजरात टाइटंस के पास है, क्योंकि उन्होंने ट्रेड विंडो में अपने कप्तान हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस के साथ ट्रेड कर लिया था। गुजरात के पास 38.15 करोड़ रुपये हैं। इस टीम को आठ खिलाड़ी खरीदने हैं, इनमें दो विदेशी भी शामिल हैं। वहीं, सबसे कम पैसे लखनऊ की टीम के पर्स में हैं। लखनऊ के पास 13.15 करोड़ रुपये हैं। इस राशि में यह टीम कुल छह खिलाड़ी खरीदने की कोशिश करेगी, जिसमें एक विदेशी भी शामिल है। सभी फ्रेंचाइजी के पास कुल 77 खिलाड़ी खरीदने के लिए 262.95 करोड़ रुपये हैं।

कैसे होगी नीलामी?

खिलाड़ियों को 19 अलग-अलग सेट में बांटा गया है। इसमें बल्लेबाज, तेज गेंदबाज, ऑलराउंडर, स्पिन गेंदबाज, कैप्ड और अनकैप्ड जैसे कई सेट हैं। हर सेट के आधार पर बोली लगेगी। पहले कैप्ड फिर अनकैप्ड खिलाड़ियों की नीलामी होगी। कुल 23 खिलाड़ियों का बेस प्राइस दो करोड़ रुपये हैं। इसमें मिचेल मार्श, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। 13 खिलाड़ियों का बेस प्राइस 1.5 करोड़ रुपये है।

कौन से बड़े खिलाड़ी नीलामी में शामिल नहीं होंगे?: आईपीएल 2024 में कई बड़े खिलाड़ी शामिल नहीं होंगे। इंग्लैंड के बेन स्टोक्स, जो रूट और जोफ्रा आर्चर भी इस नीलामी का हिस्सा नहीं हैं। वहीं, केदार जाधव, लिटन दास और शाकिब अल हसन जैसे खिलाड़ियों को खरीदने में किसी टीम ने रुचि नहीं दिखाई और बीसीसीआई ने इनका नाम नीलामी की लिस्ट में शामिल नहीं किया है।

इस बार किन खिलाड़ियों पर बड़ी बोली लग सकती है?: आठ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क पर इस बार सबसे बड़ी बोली लग सकती है। वहीं, न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र पर भी टीमें करोड़ों लुटा सकती हैं। रचिन का बेस प्राइस सिर्फ 50 लाख है, लेकिन वनडे विश्व कप के प्रदर्शन को देखते हुए उन पर बड़ी बोली लगना तय है।

कौन से गुमनाम खिलाड़ी इस नीलामी में मालामाल हो सकते हैं?: अर्शिन कुलकर्णी, कुमार कुशाग्र और मुशीर खान जैसे खिलाड़ी इस नीलामी में करोड़पति बन सकते हैं। अर्शिन ने भारत की अंडर-19 टीम के लिए कई शानदार पारियां खेली हैं। वह गेंद और बल्ले दोनों से मैच जिताने में सक्षम हैं।

क्या टीमें अभी भी खिलाड़ियों को रिलीज या ट्रेड कर सकती हैं?: खिलाड़ियों को रिलीज और रिटेन करने की समय सीमा समाप्त हो गई है। ऐसे में टीमें किसी भी खिलाड़ी को रिलीज नहीं कर सकती हैं। अब हर टीम में वही खिलाड़ी मौजूद हैं, जिन्हें इस सीजन के लिए रिटेन किया गया है। हालांकि, आईपीएल के नियमों के अनुसार, खिलाड़ियों की ट्रेडिंग विंडो एक सीजन समाप्त होने के एक महीने बाद शुरू होती है और नीलामी की तारीख से एक सप्ताह पहले तक खुली रहती है। नीलामी के बाद अगले सीजन के मुकाबले शुरू होने से एक महीने पहले तक ट्रेड विंडो खुली रहती है। नीलामी के अगले दिन 20 दिसंबर से 2024 सीजन शुरू होने से एक महीने पहले तक फिर से खिलाड़ियों को ट्रेड किया जा सकेगा।

नीलामीकर्ता कौन हैं और नीलामी कब होगी?: 10 दिन पहले महिला खिलाड़ियों की नीलामी करने वाली मल्लिका सागर ही पुरुष खिलाड़ियों की भी नीलामी करेंगी। वह आईपीएल इतिहास की पहली महिला नीलामीकर्ता हैं। पिछले साल ह्यू एड्मीड्स ने नीलामी कराई थी। अब मल्लिका को उनकी जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईपीएल 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी दुबई के कोका कोला एरिना में स्थानीय समयानुसार सुबह 11.30 बजे (भारतीय समयानुसार दोपहर 1.00 बजे) शुरू होगी।

इस सूरमा कंगारू गेंदबाज को ऑक्शन में नहीं मिलेगा खरीदार!

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीमों को सूचित किया है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड मई के पहले सप्ताह से ही आईपीएल 2024 के लिए उपलब्ध रहेंगे।

ऑस्ट्रेलिया की वनडे विश्व कप में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले हेजलवुड अपने पहले बच्चे के जन्म की वजह से मार्च और अप्रैल में आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे।

इस तेज गेंदबाज को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने 'रिलीज' कर दिया था। उन्हें मंगलवार को दुबई में होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी में दो करोड़ रुपए के आधार मूल्य वाले वर्ग में रखा गया है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार विश्व कप फाइनल के नायक ट्रेविस हेड सहित ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ी आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान 22 मार्च से 11 मई तक ही उपलब्ध रहेंगे।

हालांकि बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तास्किन अहमद और शोरिफुल इस्लाम अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे क्योंकि उन्हें मार्च और अप्रैल में श्रीलंका और जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज के लिए बांग्लादेश की टीम में जगह मिलने की उम्मीद है। श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा और तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा भी आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि वह अपने देश की टेस्ट टीम में शामिल नहीं है।

श्रीलंका की टेस्ट टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ तीन अप्रैल को समाप्त होने वाली सीरीज के बाद ही आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इंग्लैंड के युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद ने नीलामी से नाम वापस ले लिया है। उन्हें 50 लाख रुपए के आधार मूल्य वर्ग में रखा गया था। यह 19 वर्षीय खिलाड़ी भारत के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की रोमांचक सीरीज के बाद वापस घर लौट जाएगा।

बंगाल और यूपी का रोमांचक मुकाबला बराबरी पर खत्म

पुणे, एजेंसी

बंगाल वारियर्स और यूपी योद्धा के बीच प्रो कबड्डी लीग के 10वें सत्र का मुकाबला 37-37 से टाई रहा। यह सत्र का दूसरा टाई मुकाबला है और वारियर्स की टीम इन दोनों मुकाबलों में शामिल रही है। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और मैच में कई बार उतार-चढ़ाव आए। जैसा कि स्कोरलाइन बताती है, पूरे खेल में दोनों टीमों के बीच कोई खास अंतर नहीं था। यूपी योद्धा को शुरुआत में सुरेंदर गिल ने एक सुपर रेड के साथ लय मिली, जबकि बंगाल वॉरियर्स ने मनिंदर सिंह और नितिन कुमार के रिए वापसी की। योद्धास के कप्तान परदीप नरवाल को अपना पहला अंक लेने के लिए 12 मिनट का इंतजार करना पड़ा। मुकाबला खत्म होने में जब सिर्फ पांच मिनट का समय बचा था जब योद्धा की टीम 35-30 से आगे थी और जीत की दावेदार मानी जा रही थी। वारियर्स ने हालांकि शानदार डिफेंस और महत्वपूर्ण मौकों पर मनिंदर सिंह के रेड अंक की बदौलत मुकाबला टाई करा दिया। एक दूसरे मुकाबले में, पुनेरी पलटन के युवा खिलाड़ियों ने दिग्गज दबंग दिल्ली के कड़े डिफेंस के खिलाफ 30-23 से शानदार जीत दर्ज की।

चैंपियंस लीग के प्री-क्वार्टर फाइनल में बार्सिलोना-नेपोली में मुकाबला

नईदिल्ली, एजेंसी

स्पेन के क्लब बार्सिलोना को यूईएफए चैंपियंस लीग में मुश्किल ड्रॉ मिला है। प्री-क्वार्टर में उसका मुकाबला इटली की मजबूत टीम नेपोली से होगी। नेपोली ने पिछले सीजन में इटली के लीग सीरी-ए को जीता था। सोमवार (18 दिसंबर) को स्विट्जरलैंड के शहर न्योन में चैंपियंस लीग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का ड्रॉ जारी किया गया। प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले का पहला लेग 14, 15, 21 और 22 फरवरी को खेला जाएगा। दूसरे लेग के मुकाबले छह, सात, 13 और 14 मार्च को आयोजित किए जाएंगे।

इटली के क्लब और पिछले साल की उपविजेता टीम इंटर मिलान को भी मुश्किल ड्रॉ मिला है। उसका मुकाबला स्पेन के क्लब एटलेटिको डी मैड्रिड से होगा। डिएगो सिमिओनी की कोचिंग वाली इस टीम को डिफेंस में काफी मजबूत माना जाता है। दूसरी ओर, इंटर मिलान लगातार हमले करने के लिए जानी जाती है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक होगा। गत विजेता मैनचेस्टर सिटी को आसान ड्रॉ मिला है। इंग्लैंड के इस क्लब का मुकाबला डेनमार्क के क्लब एफसी कोपेनहेगन से होगा।

पीएसजी के सामने रियल सोसिदाद की चुनौती: फ्रांस के स्टार फुटबॉल किलियन एम्बाप्पे की टीम पेरिस सेंट जर्मेन का मुकाबला स्पेन के रियल सोसिदाद से होगा। माना जा रहा है कि यह मैच एम्बाप्पे की टीम को आसान हो सकता है। वहीं, जर्मनी के बायर्न म्यूनिख के सामने इटली के लाजियो की चुनौती होगी।

रियल मैड्रिड और लाइपजिग में होगी भिड़ंत

14 बार की विजेता रियल मैड्रिड को भी मुश्किल ड्रॉ मिला है। स्पेन के इस क्लब का मुकाबला जर्मनी के क्लब आरबी लाइपजिग से होगा। लाइपजिग की टीम अपने प्रदर्शन से किसी को भी चौंकाने की क्षमता रखती है। इंग्लैंड के आर्सेनल के सामने पुर्तगाल के एफसी पोर्तो की चुनौती होगी। जर्मनी के बोरूसिया डॉर्डमंड का मुकाबला नीदरलैंड के क्लब पीएसवी आइंडोवेन से होगा।

मेट्रो बाजार

सोने चांदी की कीमतों में तेजी

नई दिल्ली। हफ्ते के पहले दिन सोने की सर्राफा कीमत में तेजी रही जबकि वायदा कीमत में गिरावट का रुख देखने को मिला। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 100 रुपये की तेजी के साथ 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 62,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 350 रुपये उछलकर 77,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर जा पहुंची। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बाद सोमवार को दिल्ली के बाजारों में सोना 100 रुपये मजबूत होकर 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा।' एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोमवार को सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 162 रुपये घटकर 62,030 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 153 रुपये उछलकर 74,678 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में सोना बढ़कर 2,024 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी उछाल के साथ 24 डॉलर प्रति औंस हो गई।



चीनी उत्पादन देश में 11 फीसदी तक घटा

देश में चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष की एक अक्तूबर से 15 दिसंबर की अवधि में सालाना आधार पर 11 फीसदी घटकर 74.05 लाख टन रह गया। इसका मुख्य कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी का कम उत्पादन है। हालांकि, उत्तर प्रदेश में उत्पादन में तेजी दर्ज की गई है।भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के बयान के मुताबिक, चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी उत्पादन 74.05 लाख टन तक रहा। एक साल पहले की समान अवधि में यह 82.95 लाख टन था। इस अवधि में चालू कारखानों की संख्या पिछले साल की तरह 497 ही है। इस्मा के अनुसार, उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन 15 दिसंबर तक बढ़कर 22.11 लाख टन हो गया।एक साल पहले की समान अवधि में यह 20.26 लाख टन था।

सरकार को निर्देश आइडिया को लौटाए 755 करोड़

नई दिल्ली। टेलीकॉम सेक्टर की परेशानियों से जूझ रही वोडाफोन-आइडिया के लिए राहत भरी खबर आई। टेलीकॉम डिस्प्यूट्स सेटलमेंट एंड एपिलेट ट्रिब्यूनल ने कंपनी और सरकार के मामले में फैसला सुनाते हुए सरकार को निर्देश दिया कि वह वोडाफोन आइडिया को 755 करोड़ रुपये लौटाए। 15 दिनों के अंदर ये रकम वापस करने का आदेश दिया गया है। अपने आदेश में यह रकम लौटाने और इसे अडजस्ट करने की भी रियायत दी है। ऐसा कहा जा रहा है कि कंपनी को अगले कुछ महीनों में लाइसेंस की फीस में 755 करोड़ रुपये की रकम को अडजस्ट कर सकती है। ऐसे में यह कंपनी के लिहाज से कर्ज से जूझने के दौरान बहुत बड़ी राहत है।

मनोरंजन **बॉलीवुड का कोना**

पति सैफ संग पटौदी पैलेस में छुट्टियां मनाने पहुंचीं करीना कपूर

सैफ अली खान और करीना कपूर पटौदी पैलेस में छुट्टियां मना रहे हैं और तस्वीरें शेयर की हैं। पटौदी पैलेस से करीना ने सरसों का साग, मक्के की रोटी का स्वाद लेते हुए तस्वीर शेयर कीं। इसी पटौदी पैलेसे में रणबीर कपूर और बॉबी देओल स्टारर 'एनिमल' की शूटिंग की गई थी। करीना कपूर खान इस वक्त पटौदी पैलेस में और सर्दियों की छुट्टियों का लुत्फ उठा रही हैं। करीना और सैफ हाल ही धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के एनुअल फंक्शन में शामिल हुए थे, जिसमें उनके बेटों ने हिस्सा लिया था। अब काम से फारिग होकर करीना और सैफ फैमिली के साथ हरियाणा स्थित अपने पदौदी पैलेस पहुंच चुके हैं। करीना ने पटौदी पैलेस से वेकेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देख आपका भी दिल खिल उठेगा।

सरसों का साग और मक्के की रोटी खाते दिखे सैफ: करीना ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें से एक में सैफ अली खान सरसों का साग और मक्के की रोटी खाते और दूसरी तस्वीर में गार्डन में घूमते नजर आ रहे हैं। अन्य तस्वीरों में खाने की चीजें दिखाई हैं। करीना की इन तस्वीरों पर सारा अली खान ने भी रिएक्ट किया है और कहा कि यह सबसे आइडल लंच है। वहीं एक तस्वीर में करीना धूप सेंकती और सेल्फी क्लिक करती नजर आ रही हैं।

एनिमल के गाने 'अर्जन वैली' पर लगा चोरी का आरोप

संजय रेड्डी वांगा की डायरेक्टेड फिल्म 'एनिमल' बॉक्स ऑफिस पर अपना डंका बजा रही है। आए दिन इसकी कमाई में इजाफा हो रहा है। रणबीर कपूर और बॉबी देओल के अभिनय के तो लोग कायल हो रहे हैं साथ ही इसके हरेक गानों के भी दीवाने हैं। मगर इसके एक सॉन्ग पर तो बवाल मचा हुआ है। 'अर्जन वैली' कानूनी पचड़ों में फंस गया है। इसके खिलाफ पटियाला से लीगल नोटिस जारी किया गया है। सिंगर गुरमीत सिंह मीत ने दावा किया है कि इस गाने को उन्होंने 2015 में देव थरीकेवाला ने लिखा था और एल्बम में रिलीज किया था। लेकिन अब टी-सीरीज ने इस सॉन्ग के कुछ हिस्से में बदलाव करके मूवी में इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, गुरमीत सिंह मीत ने बताया कि इस गाने को उनकी इजाजत के बिना इस्तेमाल किया गया है। इसलिए उन्होंने टी-सीरीज कंपनी और सिंगर भूपेंद्र बब्बल को लीगल नोटिस भेजा है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया से इस गाने को फौरन हटाने की भी मांग की गई है। इतना ही नहीं, 8 करोड़ रुपए बतौर रॉयल्टी भी टी-सीरिज कंपनी से मांगी गई है।

मलाइका अरोड़ा की कमर पर फैन ने रखा हाथ तो बाउंसर का खुला रह गया मुंह

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा का लेटेस्ट वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में मलाइका एक लड़के के साथ कैमरे के सामने पोज दे रही हैं जो दिव्यांग है। इस लड़के नो पोज़ देते हुए मलाइका की कमर पर हाथ रखा और अब लोगों के लिए यही चर्चा का विषय बन चुका है। अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए जानी जानेवाली मलाइका अरोड़ा जब भी कैमरे के सामने आती हैं सुर्खियां बटोर ही लेती हैं। मलाइका का एक नया वीडियो सामने आया है जिसने हर किसी का ध्यान खींच लिया है। दरअसल इस वीडियो में मलाइका के एक आम फैन के साथ कैमरे के सामने पोज़ देती दिख रही हैं जो दिव्यांग है। दरअसल पोज़ के दौरान इस लड़के ने मलाइका की कमर पर अपना हाथ रख दिया है, जिसे लेकर कॉमेंटबाजों ने ढेर सारी बातें कह दी हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने बुलाई बैठक, ईवीएम का बदला विचार

ईवीएम पर उम्मीदवारों ने जताई आपत्ति, अब मतपत्र से होंगे अधिवक्ता संघ के चुनाव

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल जिला अधिवक्ता संघ के 8 जनवरी को होने वाले चुनाव अब ईवीएम मशीन से नहीं होंगे। पहले की तरह यह चुनाव अब मतपत्र से ही कराए जाएंगे। उम्मीदवारों की ओर से ईवीएम को लेकर आपत्तियां आने के बाद यह निर्णय मुख्य चुनाव अधिकारी ने यह निर्णय लिया है। चुनाव के अन्य प्रक्रिया यथावत रहेगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार, सोमवार को नामांकन फार्म की जांच होगी। 20 दिसम्बर को दोपहर 1 से 4 बजे शाम तक नाम वापसी का समय है 22 दिसम्बर को उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। 4 एवं 5 जनवरी को टेंडर वोट डाले जा सकते है। मतदान 8 जनवरी को सुबह 8 से शाम 5.30 तक होगा। वहीं मतगणना 9 जनवरी से होगी।

यह है पूरा मामला

दरअसल, पहले यह चुनाव ईवीएम से कराए जाने का निर्णय लिया था, लेकिन कई उम्मीदवारों ने ईवीएम की तकनीक पर सवाल उठाए थे। उस पर चुनाव समिति और वरिष्ठ अधिवक्ताओं की बैठक मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी ने अधिवक्ता सभागार में बुलाई थी। आपत्ति आवेदनों पर गहन विमर्श किया। वरिष्ठ अधिवक्ता बीपी श्रीवास्तव राजेंद्र बब्बर, राकेश गोहिल, आई बी शास्त्री, यश विद्यार्थी, जी. के छिब्बर ने विचार व्यक्त किए। अंत में मुख्य चुनाव अधिकारी ने निर्णय लिया की ईवीएम से चुनाव नही किया जाकर पूर्व की तरह मतपत्र से होगा।

मॉर्निंग वॉक पर निकले डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित पुलिस चौकी के पास घायल अवस्था में मिले सीनियर डॉक्टर वीरभान आडवाणी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 17 दिसंबर की सुबह वह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसके बाद पुलिस चौकी के पास घायल अवस्था में पड़े मिले। उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार वन ट्री हिल्स बैरागढ़ निवासी 75 वर्षीय डॉक्टर वीरभान आडवाणी सीहोर नाका पर कृष्ण मेमोरियल नाम से अस्पताल का संचालन करते थे। वह प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। रविवार सुबह विवाह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसके बाद सुबह करीब 7~30 के आसपास उन्हें घायल अवस्था में पुलिस चौकी के पास देखा गया। गंभीर अवस्था में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान सोमवार दोपहर की मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पता चला कि अज्ञात ऑटो ने उन्हें टक्कर मारी है जबकि कुछ लोगों का कहना है कि वह स्वयं गिर गए थे। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं है। पुलिस घटनास्थल से कुछ दूरी पर सड़क पर लगे पर सीसीटीवी कैमरे देख रही है।

अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को मारी टक्कर मौत

भोपाल। टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित रेडक्रॉस अस्पताल के सामने लिंक रोड नंबर वन पर अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक को जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया था। वहां स्थिति बिगड़ती देख परिजन उसे हमीदिया अस्साल लेकर पहुंचे। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार श्रीकांत मिश्रा पिता रामसिया मिश्रा (56) भीम नगर, अरेरा हिल्स में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। रविवार रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास वह रेडक्रॉस अस्पताल चौराहा पर सड़क पार कर रहे थे, तभी किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई?थी। उन्हें एंबुलेंस जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंची, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार शाम श्रीकांत की मौत हो गई।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित ईश्वर नगर शाहपुरा में सोमवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन से पूछताछ में पता चला कि वह शराब पीने का आदी था। सोमवार को भी वह सुबह से ही शराब पी रहा था। शराब के नशे में ही उसने फांसी लगाई है।

पुलिस के अनुसार शैलेंद्र सिंह राजपूत पिता स्वर्गीय श्यामसिंह राजपूत (26) ईश्वर नगर शाहपुरा में रहत था। वह पुताई के ठेके लेता था। परिवार में उसका भाई और मां है। मां बुजुर्ग है और गंभीर बीमारी होने के कारण बेडरेस्ट पर है। शैलेंद्र और उसका भाई शराब पीने के आदी है। शैलेंद्र सोमवार सुबह से ही शराब पी रहा था। दोपहर करीब दो बजे के आसपास उसका भाई बाहर से लौटा?था उसने शैलेंद्र को फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शैलेंद्र की लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा पर दिलाई शपथ

भोपाल। आज बुधवारा स्थित हाथीखाना चौराहा वार्ड 23,24, मे विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ कैम्प का उद्घाटन किया एवम देश के प्रति जागरूकता की सपथ भी दिलाई

आयुष विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी के सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित रोहित नगर फेस-1 में आयुष विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश 25 हजार रुपए की नगदी समेत लाखों रुपए के जेवरा चुराकर ले गए। घटना के समय वे परिवार के साथ पुणे में थे। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि 65 साल के गिरीशचंद्र श्रीवास्तव मकान नंबर बी-15 रोहित नगर फेस-1 शाहपुरा, में रहते हैं। वे आयुष विभाग से सेवानिवृत्त हैं। गत 17 सितंबर को वह परिवार के साथ पुणे चले गए?थे। वहां से तीन महीने बाद सोमवार सुबह लौटे तो पता चला कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है।बेडरूम की अलमारी के लॉक टूटे थे। अलमारी में रखी 25 हजार रुपए की नगदी, सोने के दो मंगलसूत्र सेट, सोने की अंगूठी, चांदी के दो गिलास, दो थाली, दो चम्मच नहीं थी। खिड़की की ग्रिल देखने पर पता चला कि बदमाश खिड़की की ग्रिल को टेड़ा कर अंदर घुसे थे। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया।

जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित जाटखेड़ी में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। हमीदिया अस्पताल में चले इलाज के दौरान कल सोमवार दोपहर युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के मरने से पहले बयान नहीं हो सके थे। लिहाजा आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे।

एएसआई भागीरथ राय ने बताया कि लक्ष्मी अहिरवार पिता रामदस अहिरवार (18) जाटखेड़ी मिसरोद में रहता था। वह कोई काम नहीं करता?था। परिजन ने बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। गत 16 दिसंबर की दोपहर उल्टियां करने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां उसका इलाज चल रहा था। हमीदिया अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम लक्ष्मी के बयान दर्ज करने पहुंची थी, लेकिन वह बयान देने की स्थिती में नहीं था। सोमवार शाम उसकी मौत हो गई।

देश की मिठास
Haldiram's
TASTE OF TRADITION
Available At Nearest Store And Call For Enquiry
Also Available At:
or Scan to Shop

मेट्रो एंकर

8 हजार विद्यार्थियों सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं सहभागिता करेंगे

आत्मनिर्भर भारत थीम पर आज से शुरू होगा राज्य स्तरीय बालरंग महोत्सव

भोपाल, दोपहर मेट्रो

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव राजधानी के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में 20 एवं 21 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। राज्यस्तरीय बालरंग प्रतियोगिता 19 दिसंबर को आयोजित होगी। इस वर्ष बालरंग महोत्सव की थीम आत्मनिर्भर भारत होगी, जिसमें प्रदेश के छात्र-छात्राएं अपने जिले की संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य एवं खानपान आदि को विभिन्न मंचों पर प्रदर्शित करेंगे। वहीं विभिन्न राज्यों से सहभागिता करने आ रहे लगभग 430 प्रतिभागी छात्र-छात्राएं अपने राज्य के लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। राष्ट्रीय बालरंग में उत्कृष्ट लोकनृत्य के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त नृतक दलों को पुरस्कृत किया जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम में प्रतिदिन लगभग 8 हजार विद्यार्थियों सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं सहभागिता करेंगे।

22 राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश होंगे शामिल

राष्ट्रीय बालरंग-2023 महोत्सव में आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दादर एवं नागर हवेली, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, पांडिचेरी, पंजाब, सिक्किम, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू एवं कश्मीर एवं राजस्थान सहित देश के 22 राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश सहभागिता करेंगे। राज्य स्तरीय बालरंग में प्रदेश के 9 संभागों के लगभग 1200 विद्यार्थी सहभागिता करेंगे।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में क्षमता आधारित मूल्यांकन पर पांच दिवसीय कार्यशाला में अरविंदो सोसायटी दिल्ली की पाठ्यक्रम महाप्रबंधक सोनिका त्यागी ने कहा कि अब शिक्षण के साथ मूल्यांकन के तरीके बदलने होंगे। हमारी जिम्मेदारी है कि हम बच्चों को सही गलत का निर्णय करना सिखाएं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
संपादक आशीष दुबे* आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022